दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



द इंडिया स्टोरी का पोस्टर रिलीज....



मराठी सिनेमा की तरफ बढ़ाए कदम....

वर्ष : 12 | अंक : 175 | लखनऊ, 19 जून, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### चंबा में एसयूवी खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत




**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मसरूंड-हमाल मार्ग पर छत्रुंड के निकट एक एसयूवी के खाई में गिर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा तड़के करीब 2 बजे हुआ, जब तीन महिलाओं समेत सभी व्यक्ति महल गांव लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते एसयूवी खाई में जा गिरी।

### सूडान से आई महिला को इबोला जांच के लिए भेजा



**कोट्टायम।** दक्षिण सूडान से आई एक महिला को बुखार आने के बाद इबोला जांच के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। स्वास्थ्य महिला बुखार के कारण बुधवार को यहां पाला के एक निजी अस्पताल में पहुंची। महिला इबोला वायरस से संक्रमित है या नहीं, उसके रक्त के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### लापता अग्निवीर का शव खाली बैरक में मिला



**फर्रुखाबाद।** तीन दिन से लापता 22 वर्षीय अग्निवीर का शव यूपी के फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ में सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट सेंटर के एक खाली बैरक में फंदे से लटका हुआ मिला। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान जसनप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब के बरनाला जिले के भगतपुर गांव का रहने वाला था।

### लावारिस कार के अंदर फंसी बच्ची, मौत



**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक खड़ी कार के अंदर फंसने के बाद दम घुटने से पांच साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम चाईबासा सदर थाना क्षेत्र के तुंगरी में हुई। बच्ची, ईशानी गोप, खेल-खेल में लावारिस वाहन के अंदर घुस गई।

## नीट-यूजी पेपर लीक मामले में 'टेलीग्राम' को लेकर केंद्र का सुको में हलफनामा

# लीक कंटेंट और फर्जी गतिविधियों को रोकने में रहा नाकाम, अदालत ने फैसला सुरक्षित किया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

> केंद्र सरकार ने कहा कि टेलीग्राम के दुरुपयोग की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। यह 'बॉट इंफ्रास्ट्रक्चर' की सुविधा देता है, जिसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर जानकारी प्रसारित करने के लिए किया जा सकता है

दिल्ली उच्च न्यायालय में सोशल मीडिया मैसेजिंग प्लेटफॉर्म एप 'टेलीग्राम' पर लगाई गई अस्थायी रोक के खिलाफ दाखिल याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र ने इस फैसले का बचाव किया। केंद्र सरकार ने 21 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर लगाई गई रोक का बचाव करते हुए दलील दी कि टेलीग्राम परीक्षा से जुड़े लीक कंटेंट और फर्जी गतिविधियों को रोकने में प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रहा। हलफनामे के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नीट पेपर लीक से जुड़े मामलों में टेलीग्राम के दुरुपयोग की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। यह मैसेजिंग एप्लिकेशन 'बॉट इंफ्रास्ट्रक्चर' (निर्माण-संचालन और स्थानांतरण) की सुविधा देता है, जिसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर जानकारी प्रसारित करने के लिए किया जा सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। बता दें, चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 3 मई को राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) कराई गई थी जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था।

### 21 जून को होगी दोबारा आयोजित होगी परीक्षा

### दोनों पक्षों से जमा करवाई लिखित दलीलें

न्यायमूर्ति तेजस करिया की अवकाश कालीन पीठ दोबारा नीट-यूजी कराए जाने से पहले टेलीग्राम एप तक पहुंच सीमित करने के फैसले के खिलाफ इसकी संचालक कंपनी द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई की। टेलीग्राम का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ध्रुव मेहता ने रखा जबकि केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें पेश की। न्यायमूर्ति ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और शाम सात बजे तक लिखित दलीलें जमा करने को कहा।

### टेलीग्राम का इस्तेमाल अक्सर आतंकी कर रहे



#### टेलीग्राम में जटिल नेटवर्क बनाने की सुविधा

केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एक टेलीग्राम अकाउंट से 40 तक 'बॉट' बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बॉट्स मशीनें हैं, वे अपनी संख्या और बढ़ा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, टेलीग्राम बॉट इंफ्रास्ट्रक्चर दे सकता है जो बड़े पैमाने पर जानकारी प्रसारित कर सकता है।

### टेलीग्राम की कंटेंट पता लगाने की क्षमता सीमित

सरकार ने कहा कि जांच के दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने ऐसे कई टेलीग्राम चैनल, ग्रुप और बॉट्स की पहचान की, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर लीक प्रश्नपत्र प्रसारित करने और परीक्षा संबंधी धोखाधड़ी को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा था। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि उसने शुरुआत में सबसे कम प्रतिबंधात्मक कदम अपनाने का फैसला किया और टेलीग्राम को तत्काल ब्लॉक करने के बजाय उसके प्रतिनिधियों को 3 जून 2026 को बैठक के लिए तलब किया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने टेलीग्राम के समक्ष यह चिंता जताई कि प्लेटफॉर्म लीक प्रश्नपत्र प्रसारित करने वाले चैनलों और समूहों की पहचान कर उन्हें रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने में विफल रहा है। सरकार के मुताबिक, टेलीग्राम ने भी स्वीकार किया कि ऐसे कंटेंट का स्वतः पता लगाने की उसकी क्षमता सीमित है और मॉडरेटर केवल रिपोर्ट किए गए चैनलों पर कार्रवाई कर रहे थे।

### एजेंसियों की पहुंच सीमित

तुषार मेहता ने कहा कि यह मंच 'क्लाउड' के जरिए काम करता है। अगर इसे ब्लॉक भी कर दिया जाए तो भी कानून प्रवर्तन एजेंसियां असली उपयोगकर्ता तक नहीं पहुंच सकतीं। टेलीग्राम का इस्तेमाल अक्सर आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जाता है और इसकी संरचना की वजह से अलग-अलग इलाकों में कार्यरत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### 17 वर्षीय नीट अभ्यर्थी ने आत्महत्या की

गुजरात के अहमदाबाद में दोबारा नीट-यूजी देने की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय अभ्यर्थी ने बुधवार-गुरुवार की रात को एक इमारत की छठी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट से कथित तौर पर नीचे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। साबरमती थाना के निरीक्षक वाईआर वाघेला ने बताया कि करीब 2:55 बजे, नीट की तैयारी कर रहे एक लड़के ने अहमदाबाद के त्रगाड इलाके में 'एरिस्टो आनंदम' सोसाइटी के 'बी' ब्लॉक में स्थित अपने अपार्टमेंट की छठी मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी। किशोर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रधान ने नीट तैयारियों की समीक्षा की

# शुचिता और पारदर्शिता पर जोर 'सतर्कता' बरतने के दिए निर्देश



बैठक लेते हुए मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारियों का जायजा लेने के गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, नेशनल परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और उच्च शिक्षा संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। प्रधान ने बैठक को संबोधित करते हुए परीक्षा प्रक्रिया में 'शुचिता, पारदर्शिता और दक्षता के उच्चतम मानकों' को बनाए रखने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सतर्क रहें और दोबारा हो रही परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

### निष्पक्ष ढंग से होगी परीक्षाः एनटीए

एनटीए ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि नीट-यूजी के अभ्यर्थियों से कहा कि वे परेशान न हों और अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करें। परीक्षा को पूरी तरह सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुनः परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को ही आयोजित की जाएगी। एनटीए ने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे परीक्षा स्थगित होने की अफवाहों या सोशल मीडिया पर मच रहे शोर-शराबे से प्रभावित न हों। अभ्यर्थी सिर्फ़ एनटीए की आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एक सुरक्षित एवं निष्पक्ष परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस प्रक्रिया की शुचिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### तेलंगाना में बसों में यात्रा होगी निःशुल्क

नीट-यूजी की परीक्षा के दिन तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी। राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि छात्र 21 जून को यात्रा के दौरान अपने नीट परीक्षा केंद्र का प्रवेश पत्र दिखा सकते हैं। इस संबंध में सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वहीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी के 97 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर 'कूलिंग ज़ोन' बनाएगी। विद्यार्थियों के साथ आए उनके अभिभावक परीक्षा के दौरान इन कूलिंग ज़ोन में बैठ सकते हैं।

## महिला के साथ किया यौन शोषण

# 7 आरोपी धरे, 6.5 लाख रुपए नकद और आभूषण भी जब्त

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



महाराष्ट्र के पुणे में खुद को भगवान बताने वाले एक व्यक्ति और उसके सात साथियों को गिरफ्तार किया है। उन सभी पर आरोप है कि उन्होंने दैवीय शक्तियां होने का दावा करके कई वर्षों तक एक महिला का यौन शोषण किया, उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और आर्थिक रूप से उसका शोषण किया। गिरफ्तार किए गए सात आरोपियों में छह महिलाएं हैं। पपीड़ित महिला को लंबे समय तक प्रताड़ित किया गया। इस दौरान उसे बिजली के झटके दिए गए और उस व्यक्ति का पेशाब पीने के लिए मजबूर किया गया। पुलिस ने बतायाकि शिकायत मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की गई और खुद को भगवान बताने वाले राधामोहन मिश्रा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 8 लैपटॉप, 19 हार्ड डिस्क, 10 डीवीडी, 9 मोबाइल फोन, 20 कैसेट, 23 पेन ड्राइव, लगभग 6.5 लाख रुपए नकद और 15 लाख रुपए से अधिक के जेवर जब्त किए।

## आईसीजी को मिला स्वदेशी एयर कुशन वाहन



### समुद्री चुनौतियों का करेगा मुकाबला

**गोवा।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने स्वदेशी एयर कुशन वाहन को शामिल करके परिचालन क्षमता को मजबूत किया है। आईसीजी के लिए चौगुले एंड कंपनी प्रा. लि. द्वारा निर्मित छह स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल्स (एसीवी) में से पहला व्हीकल गोवा में सेवा में शामिल किया गया। इस होवरक्राफ्ट का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की संचालन क्षमता को बढ़ाना और उभरती चुनौतियों का सामना करने की उसकी क्षमता को मजबूत करना है। इसका सेवा में शामिल होना आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा और देश के बढ़ते समुद्री औद्योगिक आधार का प्रतीक होगा।

## सीबीएसई की तीन भाषा नीति

# शीर्ष कोर्ट का रोक से इनकार 14 जुलाई को होगी सुनवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



कक्षा 9 में दो भारतीय भाषाओं समेत कुल तीन भाषाएं पढ़ाने की सीबीएसई की नई नीति पर तत्काल रोक से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच ने नई याचिका पर तुरंत दखल देने से मना किया। बेंच ने कहा कि इसी मामले को लेकर दाखिल बाकी याचिकाओं को 14 जुलाई को सुनवाई के लिए लगाया गया है। कोई भी आदेश विस्तृत सुनवाई के बाद ही दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 'फ्रेंड्स ऑफ पीपुल फॉर एक्टिव डेमोक्रेसी' नाम की संस्था की तरफ से दाखिल इस याचिका को भी बाकी याचिकाओं के साथ सुनवाई के लिए लगाने का निर्देश दिया। इससे पहले, 27 मई को कोर्ट ने सीबीएसई और एनसीईआरटी से मामले पर विस्तृत जवाब मांगा था। कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से नई नीति को लागू करने की तैयारियों पर रिपोर्ट पेश करने को भी कहा था।

## भारत में अमेरिकी राजदूत गोर ने की गृह मंत्री शाह से मुलाकात

# आतंकवाद और ड्रग्स की तस्करी से निपटने पर हुई बात

### सीमाओं को सुरक्षित करने पर मंथन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

फ्रांस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात के बाद भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने विशेष रूप से आतंकवाद तथा नशील पदार्थों की तस्करी से निपटने के मुद्दों पर बात की। गोर, ट्रंप और पीएम मोदी की मुलाकात के दौरान बुधवार रात फ्रांस के शहर एवियन में ही थे और वहां से सीधे यहां आए।



अमित शाह से मिलते सर्जियो गोर

### भारत-अमेरिका के बीच सहयोग मजबूत

अमित शाह ने सर्जियो गोर के साथ मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुलाकात की जानकारी दी। गृह मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। सुरक्षा के क्षेत्र में, खासकर आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

**वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बढ़ाएंगे**

### व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे

इस बैठक के बाद, अमेरिका के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमीसन ग्रीर अगले हफ्ते भारत आने वाले हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करना है। भारत और अमेरिका के बीच यह सहयोग न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा।

### शाह के साथ अच्छी रही बैठकः गोर

सर्जियो गोर ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने आतंकवाद से निपटने, अपने लोगों को नशीले पदार्थों और अवैध ड्रग्स से बचाने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने और दोनों देशों में अपराधियों को सज़ा दिलाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की। दोनों देश के अधिकारी नियमित रूप से रणनीतिक बैठकें करते रहे हैं।

## शिअद ने सीएम मान के खिलाफ खोला मोर्चा

# पद से नहीं हटे तो होगा धर्म युद्ध गठित की 5 सदस्यों की कमेटी

### अकाल तख्त साहिब के बेअदबी का मामला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अकाल तख्त साहिब के बेअदबी को लेकर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान के खिलाफ बड़ा राजनीतिक और धार्मिक मोर्चा खोल दिया है। पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भगवंत मान को सीएम पद से हटाने के लिए एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए घोषणा की कि शिअद ने इस मुद्दे पर 5 सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी संत समाज, धार्मिक संस्थाओं और विभिन्न संगठनों से संपर्क कर समर्थन जुटाएगी।



सुखबीर बादल | सीएम भगवंत मान

### आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं

सुखबीर बादल ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख कौम की सर्वोच्च संस्था है और उसके आदेशों की अवहेलना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मान ने अकाल तख्त साहिब के आदेशों को गंभीरता से नहीं लिया।

### 19 जुलाई तक का दिया समय

बादल ने ऐलान किया कि 19 जुलाई तक का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में भगवंत मान को नहीं हटाया गया तो शिअद धर्म युद्ध मोर्चा शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर एकजुट होकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि जब तक भगवंत मान मुख्यमंत्री बने रहेंगे, शिअद का कोई भी विधायक विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेगा।

## आठ वर्षों में 15 प्रतिशत कुपोषित बच्चों को बनाया गया स्वस्थ

### प्रदेश में कुपोषण के खिलाफ संभव 6.0 अभियान शुरू

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने महिलाओं और बच्चों में कुपोषण को समाप्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को संभव अभियान 6.0 का शुभारंभ किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में लगभग 15 प्रतिशत कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाया गया है।

इस वर्ष अभियान की थीम गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा रखी गई है। अभियान के तहत जीवन के पहले 1,000 दिनों—गर्भावस्था के 270 दिन और जन्म के बाद के 730 दिन—पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

विशेषज्ञों के अनुसार इसी अवधि में बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 80 प्रतिशत विकास होता है। मंत्री बेबी रानी मौर्य ने अभियान से संबंधित विभिन्न जागरूकता सामग्री, सोशल मीडिया पैकेज और पोषण किट का विमोचन किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को नए टेक-होम राशन (टीएचएफ) पैकेट वितरित किए तथा पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल का अवलोकन किया। आईसीडीएस निदेशक हर्षिता माथुर ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में संभव अभियान के तहत प्रतिमाह औसतन 1.7 करोड़ बच्चों की स्क्रीनिंग की गई, 14 लाख से अधिक बच्चों का उपचार किया गया तथा गंभीर कुपोषण से ग्रस्त 81 प्रतिशत बच्चे स्वस्थ हुए। इस वर्ष अभियान जुलाई से सितंबर तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार अभियान में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पंचायती राज, योजना और सूचना विभाग को औपचारिक रूप से जोड़ा गया है।

इन विभागों के संयुक्त प्रयासों से जनभागीदारी, निगरानी, जागरूकता और सेवाओं की गुणवत्ता को और मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों कानपुर नगर, फरुर्खाबाद, श्रावस्ती, चंदौली और वाराणसी के अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

## महिला के नाम पर फर्जी तरीके से निकला लाखों रुपयों का लोन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के खड़ौहां गांव निवासी एक महिला के नाम पर कथित रूप से फर्जी तरीके से 8 लाख 10 हजार रुपये का लोन निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार खड़ौहां गांव निवासी रानी, पत्नी नीरज कुमार, ने बताया कि 16 जून 2026 को जब उन्होंने अपनी सिविल रिपोर्ट की जांच कराई तो उन्हें पता चला कि उनके नाम पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की मुंबई (महाराष्ट्र) शाखा से 8 लाख 10 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत कर जारी किया गया है। महिला का कहना है कि उन्होंने कभी उक्त बैंक से कोई लोन नहीं लिया और न ही बैंक में उनका कोई खाता है। पीड़िता के अनुसार उन्हें इस ऋण की जानकारी पहले कभी नहीं थी। उनका आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके व्यक्तिगत दस्तावेजों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करते हुए उनके नाम पर लोन प्राप्त कर लिया है, जिससे उनकी साख और वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। महिला ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक डंपर में फंस गई और चालक उसे करीब दो किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा कर डंपर को बिजनौर थाना क्षेत्र में पकड़ लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज के रानीखेड़ा स्थित हरिकंश गढ़ी निवासी रामसेवक यादव (50) रविवार को अपने साढ़ू सीतापुर जिले के अटरिया थाना अंतर्गत नकरहा गांव निवासी रामू यादव (45) के घर गए थे। गुरुवार को दोनों एक ही बाइक से किसान पथ होते हुए हरिकंश गढ़ी लौट रहे थे। तभी दोपहर करीब 1:30 बजे सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में दरोगा खेड़ा स्थित कानपुर रोड और गहरू अंडरपास के बीच किसान पथ पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक डंपर में फंस गई। बाइक चला रहे रामू यादव और पीछे बैठे रामसेवक यादव सड़क पर गिर पड़े, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक वाहन लेकर भाग निकला और बाइक को लगभग दो किलोमीटर तक घसीटता रहा। सड़क पर घिसटती बाइक देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सरोजनी नगर पुलिस ने डंपर का पीछा कर उसे बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर अंडरपास के पास पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया और उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक रामू यादव पेशे से ट्रक चालक थे, जबकि रामसेवक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। रामसेवक के परिवार में पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र रिंकू यादव और तीन विवाहित बेटियां सुदामा, रेखा और बबली हैं। वहीं रामू यादव के परिवार में पत्नी अंजू, बेटा निखिल और बेटी शगुन हैं।

## प्राकृतिक खेती कार्यशाला में 1175 किसानों ने लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बृहस्पतिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में कृषि विभाग, लखनऊ द्वारा भव्य प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, मोहनलालगंज विधायक रहे कार्यशाला में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 1175 किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के आधुनिक तरीकों, जैविक उर्वरकों के उपयोग तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका से अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व कृषि निदेशक आनंद त्रिपाठी ने गौ आधारित प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती की विभिन्न विधियों और उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने बागवानी फसलों में प्राकृतिक खेती के प्रयोग और उसके सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहायता की जानकारी प्रदान की। जनपद की कई किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीओ) द्वारा प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों एवं तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे किसानों ने काफी सराहा। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाकर स्वस्थ खाद्यान्न उत्पादन, भूमि की उर्वरता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन भूमि संरक्षण अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने किया। बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वारंटी को रहीमाबाद पुलिस ने दबोचा, न्यायालय में किया पेश



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी फोटो

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रहीमाबाद पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक के नेतृत्व में रहीमाबाद पुलिस टीम ने गुरुवार को वारंटी अभियुक्त अमर सिंह निवासी पत्थरकट, थाना रहीमाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमर सिंह को गिरफ्तार किया, जो थाना मलिहाबाद में दर्ज मुकदमा संख्या 757/18 एवं 766/18 में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के संबंध में फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 380, 411, 457 एवं 413 के तहत मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो

**पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के मवई पड़ियाना गांव में बुधवार रात पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बंथरा के मवई पड़ियाना निवासी मजदूर राजेंद्र रावत ने बताया कि वह अपने छोटे भाइयों सुरेंद्र, नरेंद्र, रवि और दृष्टि बाधित बुजुर्ग मां सियावती रावत (75) के साथ रहता है। राजेंद्र के अनुसार करीब 15 वर्ष पहले वह पड़ोसी मनोहर की पत्नी को लेकर चला गया था और लगभग एक वर्ष तक राजस्थान में रहने के बाद दोनों वापस लौट आए थे। तब से दोनों अपने-अपने घरों में रह रहे हैं। आरोप है कि इसी बात को लेकर मनोहर और उसके परिवार वाले उससे रंजिश रखने के साथ अक्सर गाली-गलौज करते रहते हैं। राजेंद्र का आरोप है कि बुधवार रात करीब सवा नौ बजे वह मजदूरी करके घर लौटा तो मनोहर, उसके बेटे गोविंद और धर्मेंद्र, मनोहर का भाई पंचम उससे गाली गलौज करने लगे। राजेंद्र ने विरोध किया तो चारों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से उसपर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए राजेन्द्र अपने मकान की छत पर भाग गया, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और छत पर भी लाठी डंडों व ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। बेटे के साथ मारपीट होते देख किसी तरह बीच-बचाव करने पहुंची राजेंद्र की दृष्टिबाधित बुजुर्ग मां सियावती पर भी आरोपियों ने लाठी डंडों और ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे सियावती की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सियावती और राजेंद्र को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सियावती को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद राजेंद्र को घर भेज दिया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के लोगों ने शाम के समय गांव के बाहर बैठकर एक साथ शराब पी। इसके बाद घर पहुंचने पर किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जांच में यह भी सामने आया कि मनोहर पक्ष के लोगों ने अपने मकान की छत से ईंट-पत्थर फेंके, जिसमें से एक पत्थर सियावती के सिर में लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने नामजद आरोपी धर्मेंद्र, गोविंद और पंचम को हिरासत में ले लिया है। जबकि धर्मेंद्र को घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं पुलिस ने सियावती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतका सियावती के बेटे रवि की तहरीर पर पुलिस ने मनोहर के बेटे धर्मेंद्र, गोविंद और मनोहर की पत्नी बसंती व मनोहर के भाई पंचम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डॉ. नीलम श्रीवास्तव आईईटीई गवर्निंग काउंसिल ईस्ट जोन के लिए हुईं निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी), लखनऊ की वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता डॉ. नीलम श्रीवास्तव को इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आईईटीई) की गवर्निंग काउंसिल (2026-29) ईस्ट जोन के लिए निर्वाचित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि ने प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

डॉ. नीलम श्रीवास्तव पिछले चार दशकों से अधिक समय से शिक्षण, अनुसंधान एवं अकादमिक नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय हैं। माइक्रोवेव डिवाइसेज, ऑप्टिकल एवं कॉग्निटिव रेडियो नेटवर्क्स तथा माइक्रोस्ट्रिप एंटीना के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके 100 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा उन्होंने अनेक पीएचडी शोधार्थियों का सफल मार्गदर्शन किया है। उन्होंने आईईटी लखनऊ में विभागाध्यक्ष, डीन (प्रशासन), डीन (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट) सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। इसके अतिरिक्त वे उत्तर प्रदेश में टीईक्यूआईपी-सेकेंड विश्व बैंक परियोजना की राज्य समन्वयक भी रह चुकी हैं तथा आईईटीई लखनऊ केंद्र की मानद सचिव के रूप में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। अपनी जीत पर डॉ. नीलम श्रीवास्तव ने सभी मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनसमर्थन उन्हें आईईटीई को और अधिक सशक्त, नवाचार-उन्मुख एवं समाजोपयोगी बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य आईईटीई में सुशासन, उद्योग-अकादमिक सहयोग, युवा एवं कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण तथा सतत तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है, ताकि संगठन तकनीकी समुदाय और समाज दोनों के लिए अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके। आईईटी लखनऊ के निदेशक, कुलसचिव, वित्त एवं लेखाधिकारी, सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आईईटीई सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. नीलम श्रीवास्तव को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## 'सर्वो बाइक धमाका' स्कीम के विजेता श्रावस्ती मैकेनिक को मिली नयी मोटरसाइकिल

- लकी ड्रा में 36 से अधिक विजेताओं को हीरो स्प्लेंडर बाइक और हीरो डेस्टिनी स्कूटर जैसे मिले आकर्षक पुरस्कार
- इंडियनऑयल की सबसे एडवांस 'सर्वो हाइपर सीरीज' वाहनों के लिए होगी बेहद कारगर : राज्य प्रमुख संजय भंडारी



**लखनऊ।** इंडियनऑयल के प्रमुख ल्यूब्रिकेंट ब्रांड 'सर्वो' की ओर से देश भर के मैकेनिकों के लिए चलाई गई 'सर्वो बाइक धमाका स्कीम' के विजेताओं के सम्मान में गुरुवार को विभूति खंड स्थित इंडियनऑयल के राज्य कार्यालय में आयोजित समारोह में कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने पूर्वांचल क्षेत्र के भाग्यशाली विजेता मोहम्मद इबरार को 'हीरो स्प्लेंडर प्लस एक्सटेक' मोटरसाइकिल की चाबी सौंपी। इस अवसर पर इंडियनऑयल के अधिकारी उपस्थित रहे। विजेता मोहम्मद इबरार श्रावस्ती जिले के भिनगा कस्बे में मैकेनिक का काम करते हैं। इस योजना के तहत पूर्वांचल क्षेत्र से दो विजेताओं की घोषणा की गई है, जिनमें मोहम्मद इबरार के साथ गाजीपुर जिले के शुभम यादव का नाम भी शामिल है। देश भर में इस लकी ड्रा के माध्यम से 36 से अधिक विजेताओं को हीरो स्प्लेंडर बाइक और हीरो डेस्टिनी स्कूटर जैसे आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

मैकेनिक समुदाय को बधाई देते हुए कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने कहा कि मैकेनिक हमारे ऑटोमोटिव इकोसिस्टम की रीढ़ हैं। 'सर्वो बाइक धमाका स्कीम' का उद्देश्य हमारे इन मूल्यवान भागीदारों की भागीदारी को बढ़ाना, ब्रांड के प्रति उनके भरोसे को मजबूत करना और सर्वो ल्यूब्रिकेंट्स की बिक्री को गति देना है। सर्वो हमेशा से उपभोक्ताओं की पहली पसंद रहा है और हम अपने इस मजबूत नेटवर्क को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बाजार में उतरी 'सर्वो हाइपर सीरीज' सर्वो देश का सबसे बड़ा ल्यूब्रिकेंट ब्रांड है, जिसकी फिनिश्ड ल्यूब्रिकेंट सेगमेंट में 27% से अधिक की बाजार हिस्सेदारी है। मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर्स और टाटा मोटर्स जैसे देश के अग्रणी वाहन निर्माता सर्वो के उत्पादों की सराहना करते हैं। इस नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए इंडियनऑयल ने इस महीने बाजार में अपनी सबसे उन्नत प्रीमियम ल्यूब्रिकेंट रेंज 'सर्वो हाइपर सीरीज' को पूरी तरह से उतार दिया है। एडवांस सिंथेटिक बेस ऑयल और नेक्स्ट-जनरेशन एडिटिव तकनीकों से विकसित यह नई सीरीज नई पीढ़ी की कारों, बाइक्स, स्कूटी और कमर्शियल वाहनों के लिए बेहतरीन माइलेज और इंजन सुरक्षा प्रदान करेगी।

## गोरखपुर जंक्शन पर श्री गोरखनाथ मंदिर का भव्य मॉडल स्थापित

**लखनऊ/ गोरखपुर।** लखनऊ मण्डल प्रशासन द्वारा गोरखपुर जंक्शन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर यात्रियों को आध्यात्मिक अनुभूति कराने हेतु श्री गोरखनाथ मंदिर का भव्य मॉडल स्थापित किया गया है। गोरखपुर की पहचान और आस्था के केंद्र, श्री गोरखनाथ मंदिर की अनुकृति पर आधारित यह मॉडल अपनी पारंपरिक वास्तुकला, सुनहरे शिखर एवं आकर्षक एलईडी प्रकाश व्यवस्था के कारण यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर एवं अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में इस मॉडल को रात्रि में विशेष प्रकाश से सजाया गया है, जिससे इसकी भव्यता और बढ़ जाती है। यात्रियों व श्रद्धालुओं ने रेलवे की इस पहल की सराहना करते हुए इसे गोरखपुर की सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देने वाला कदम बताया।

## आईआरसीटीसी का दिव्य दक्षिण दर्शन हवाई टूर पैकेज

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने दिव्य दक्षिण दर्शन हवाई टूर पैकेज लाया है। यह 6 रात और 7 दिन का पैकेज 13 से 19 जुलाई तक संचालित होगा। टूर में लखनऊ से मदुरै और तिरुवनंतपुरम से लखनऊ की फ्लाइट सुविधा शामिल है। यात्रियों को तीन सितारा होटल में ठहरने और भोजन की व्यवस्था मिलेगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यात्रा में मीनाक्षी अम्मन मंदिर, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग, धनुषकोडी, कन्याकुमारी, विवेकानंद रॉक मेमोरियल, पद्मनाभस्वामी मंदिर सहित 15 से अधिक धार्मिक और पर्यटन स्थल के दर्शन और भ्रमण कराए जाएंगे। पैकेज का मूल्य सिंगल ऑक्यूपेंसी पर 86,750 रुपये, डबल पर 64,900 रुपये और ट्रिपल पर 61,600 रुपये प्रति व्यक्ति है। बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगी।

## एकेटीयू के छात्र इनोवेशन और स्टार्टअप में बनेंगे एक्सपर्ट

### विवि अपने छात्रों के लिए आयोजित कर रहा इंटर्नशिप कार्यक्रम, ओरिएंटेशन में शामिल हुए छात्र

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को स्किल्ड करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। छात्रों को न केवल प्रशिक्षण दिया जा रहा है बल्कि उन्हें उद्योगों के मुताबिक भी तैयार करने पर जोर है। इसी क्रम में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में संबद्ध संस्थानों के छात्रों को इनोवेशन हब के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप का अवसर दिया गया है। एक से तीन महीने के इंटर्नशिप का शुभारंभ गुरूवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम से हुआ।

इंटर्नशिप में विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के बीटेक एवं एमबीए के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। इन छात्रों को स्टार्टअप्स, इनोवेशन हब, इन्क्युबेशन सेंटर एवं एआईसीटीई आइडिया लैब में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का मौका मिलेगा। ये छात्र डेवलपर, मार्केटिंग, एचआर सहित अन्य क्षेत्रों में स्टार्टअप्स के साथ कार्य करेंगे। इन्क्युबेशन सेंटर में छात्र स्टार्टअप मैनेजमेंट की पूरी प्रक्रिया को सीखेंगे। इसमें स्टार्टअप के आइडिया से लेकर उसके कॉमर्सलाइजेशन तक को जानेंगे ताकि भविष्य में छात्र इस क्षेत्र में पूरी तरह से तैयार हो सकें।

इसी तरह इनोवेशन हब में इंटर्न करने वाले छात्र पॉलिसी मैनेजमेंट सीखेंगे। इस दौरान उन्हें नवाचार एवं उद्यमिता से जुड़ी विभिन्न नीतियों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा स्टार्टअप के साथ जुड़ने वाले छात्रों को स्टार्टअप प्रोडक्ट को लेकर कार्य करने का अवसर मिलेगा। वहीं, एआईसीटीई आइडिया लैब में कार्य करने वाले छात्र किसी आइडिया पर कार्य करना सीखेंगे। इंटर्नशिप कार्यक्रम डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा के नेतृत्व एवं एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा के संयोजन में चलेगा जबकि संचालन इनोवेशन हब के सीईओ महीप सिंह करेंगे।

## एकेटीयू में हर सप्ताह अधिकारी कर्मचारी करेंगे एक घंटे सफाई

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में हर गुरूवार एक घंटा शाम पांच से छह बजे तक सफाई अभियान चलेगा। इसका शुभारंभ गुरूवार से हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपने आस-पास, क्लासरूम्स, प्रयोगशाला की सफाई की। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कूड़ा इकट्ठा करके डस्टबिन में डाला गया। साथ ही लोगों से अपील की गयी कि परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान कार्यालयों में भी सफाई की गयी। इस मौके पर कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि सफाई हमारी दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यह हमारे संस्कार का अभिन्न अंग है। सफाई रखकर हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं इसलिए सबको अपने आस-पास सफाई के प्रति सचेत रहना होगा।



## एकेटीयू में किया गया प्राणायाम

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरूवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में सहज योग संस्था की ओर से प्राणायाम कराया गया। संस्था के योगेश द्विवेदी ने नाड़ी चक्र के बारे बताया। मष्तिस्क में चलने वाले तमाम विचारों से मुक्ति और शांति के लिए प्राणायाम कराया। नियमित रूप से अन्त्य नाड़ी को जाग्रत करने वाले प्राणायाम से असीम लाभ होगा। उन्होंने सभी से इस अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस दौरान विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डॉ. डीपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, सहा. कुलसचिव शिवम गुप्ता, सहा. कुलसचिव सुनील पाण्डेय, व्यवस्थाधिकारी प्रवीन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र में जनता ही असली ताकत : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता ही असली ताकत है। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को नश्ट कर रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की जनता सतर्क हैं। इस बार भाजपा का कोई छल, बल, धोखा और चाल कामयाब नहीं होगी। जनता भाजपा के झूठ और लूट को समझ चुकी है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर बृहस्पतिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराध लगातार बढ़ते जा रह है। महिलाएं, बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। कन्नौज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, गाजीपुर, हाथरस, कानपुर समेत तमाम जिलों में बच्चियों की निर्मम हत्याएं हुई है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिला। भाजपा सरकार ने सपा सरकार में महिला सुरक्षा के लिए बनायी गयी 1090 सेवा को निष्क्रिय कर दिया। 1090 वीमेन हेल्पलाइन सेवा से महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा मिलती थी उनकी मदद होती थी।

## अनुष्का के परिजनों ने अखिलेश से की भेंट

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में सरधना मेरठ की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं कई पदक विजेता 17 वर्षीय अनुष्का पाल के परिजनों ने क्षेत्रीय विधायक अतुल प्रधान के साथ भेंट की। अनुष्का पाल की विगत दिनों अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। अखिलेश यादव ने चिरोड़ी गांव सरधना निवासी अनुष्का के पिता नेमपाल पाल को सांत्वना दी और उन्हें आर्थिक मदद भी दिया। उन्होंने कहा कि सपा अन्याय के खिलाफ संघर्ष और पीड़ित को न्याय दिलाने में सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2027 में सपा सरकार बनने पर पीड़ितों की जो जो मांग है सभी मदद की जाएगी। पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और 50 लाख रूपए की आर्थिक मदद भी सरकार से देने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण घटनाक्रम की सीबीआई जांच की मांग भी की गई। बता दें कि अनुष्का पाल के परिजनों से प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा सरधना के विधायक अतुल प्रधान ने उनके गांव जाकर भेंट की थी और मदद भी की थी। इस अवसर पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित कर्मवीर सिंह गुमी जिलाध्यक्ष, मेरठ महानगर अध्यक्ष हाजी आदिल चौधरी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय पाल कश्यप आदि की उपस्थिति रही।




## संक्षेप

### विद्युत बोर्ड में पंखे का प्लग लगाते समय किसान की करंट से मौत

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बोर्ड में पंखे का प्लग लगाते समय कटे तार की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव बदाल पुरवा निवासी गंगा प्रसाद पुत्र विश्राम 60 वर्ष बुधवार रात 8 बजे घर में फरार्टा पंखे का प्लग बोर्ड में लगा रहे थे तभी प्लग के पास तार कटा था जिसमें करंट दौड़ रहा था उसकी चपेट में आ गया। परिजन जब तक विद्युत आपूर्ति बन्द करते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि भाई रामकिशोर की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर परिवारीजनों ने लाठी डंडों से पीटा



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में जमीनी बंटवारे को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों और उनकी वृद्ध मां को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल मां को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में रमपुरवा निवासी अमृतलाल पुत्र स्व. प्रीतम ने बताया कि उनके पिता की करीब पंद्रह साल पहले मृत्यु हो चुकी है। बड़े पापा भरोसे और चाचा जगदेव ने जमीन चारों भाइयों के नाम करा दी थी। अमृतलाल के अनुसार, उनके दो बड़े भाई नेकराम और सोनेलाल पूरी जमीन हड़पना चाहते हैं।इसी बात को लेकर बुधवार देर रात नेकराम, उनकी पत्नी सुमिरता, सोनेलाल और उनकी पत्नी रितु ने छोटे भाई नीरज के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब नीरज ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने आए अमृतलाल को भी पीटा गया।मारपीट में छोटे बेटों को बचाने आईं उनकी वृद्ध मां प्रेमवती भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया।मियागंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर पंकज वर्मा ने प्रेमवती की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अमृतलाल की तहरीर पर महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने किया रुपए 570.32 करोड़ की लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जनपद उन्नाव के सदर विधान सभा के ग्राम पंचायत डीह, भवानी खेड़ा चैराहा, इंदु खेड़ा उन्नाव में रुपए 570.32 करोड़ की लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में पहुंचने पर सर्वप्रथम सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों उपलब्धियों विषयक लगाए गए, कृषि, स्वास्थ्य, बेसिक, जिलाउद्योग एवं उद्यमिता विकास पशुपालन यूपीनेडा, समाज कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मत्स्य उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन मत्स्य सहित अन्य विभागों के स्टालों का क्रमशः एक-एक करके अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारी से जानकारी प्राप्त। साथ ही मुख्यमंत्री ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल में पहुंचकर दो गर्भवती महिलाओं पूजा पत्नी मोहित कुमार व दीपा पाल पत्नी रोहित पाल की गोद भराई कर पोषण पोटली भेंट कर व दो नवजात शिशुओं अनमय पुत्र कामनी देवी पत्नी महेश कुमार, मानसी पुत्री साक्षी सिंह पत्नी धर्मेन्द्र सिंह को अपने हाथ से अन्नप्राशन कर उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर पहुंचने पर जनपद उन्नाव के सदर विधानसभा व भगवंत नगर विधानसभा की 570.32 करोड़ की लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया गया।

इस लोकार्पण/ शिलान्यास कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद उन्नाव की सदर और भगवंत नगर विधानसभाओं की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री जी ने किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा की 365.31 करोड़ की लागत की 12 परियोजनाओं का लोकार्पण व 118.67 करोड़ की लागत की 32 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस प्रकार सदर विधानसभा की 483.98 करोड़ की लागत की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार भगवंत नगर विधानसभा की 13.09 करोड़ की कुल लागत की 07 परियोजनाओं का लोकार्पण 73.25 करोड़ की लागत की 50 परियोजनाओं का शिलान्यस किया गया। इस प्रकार कुल 86.34 करोड़ की 57 परियोजनाओं का लोकार्पण/शीलान्यास किया गया। इस प्रकार 378.40 करोड़ की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण 191.92 करोड की 82 परियोजनाओं का शिलान्यास सहित 570.32 करोड की 101 परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 के प्रथम किस्त के रूप में 1 लाख की धनराशि के स्वीकृत प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रथम किस्त के रूप में 15000 के स्वीकृत प्रमाण पत्र, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लाभार्थियों को स्मार्टफोन व आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, पंचायत कल्याण कोष के



लाभार्थी को 2 लाख की स्वीकृत प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों 5 लाख व 2.5 लाख की डेमो चेक, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को चाबी, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के लाभार्थियों को 4.95 करोड रुपए के डेमो चेक, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थियों को 1.92 लाख के स्वीकृत प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत पत्र, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम का सम्बोधन मुख्यमंत्री ने गंगा मईया, चन्द्रिका मईया रामचन्द्र के जय कारों के साथ प्रारम्भ किया। सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्नाव अध्यात्म, साहित्य व क्रांति की धरा है सीएम ने स्थानीय आध्यात्मिक स्थलों, साहित्यकारों, क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि भारत की अस्मिता पर संकट के समय गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए राजा रामबख्श सिंह, वीर गुलाब सिंह लोधी ने अपने बलिदान से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें उखाड़ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जनपद उन्नाव हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। विकास की हर योजना उन्नाव में लागू है। आज उन्नाव की कनेक्टिविटी हर तरफ से फोरलेन की हो गई है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए उन्नाववासी लखनऊ को बाईपास कर सीधे दिल्ली, प्रयागराज जा सकते हैं। कानपुर के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। उन्नाव व कानपुर की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी में अतिरिक्त ब्रिज की मांग भी पूरी की गई। हम उन्नाव को पिछड़ने नहीं देंगे। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर व गंगा एक्सप्रेसवे पर इंडस्ट्रियल प्लस्टर विकसित करने के लिए जमीन अधिग्रहण हो चुका है। डिफेंस कॉरिडोर के लिए लगभग 700 एकड़ लैंड और लगभग 200 एकड़ लैंड इंडस्ट्री कलस्टर के लिए उन्नाव जनपद के लिए तैयार है। उद्योग लगने से स्थानीय नौजवानों को यहीं रोजगार प्राप्त होगा।

### दुनिया के लिए प्रेरणा बना भारत का प्रबंधन

सीएम ने कहा कि जब दुनिया ऊर्जा, आर्थिक मंदी और पश्चिम एशिया के संकट के दौर से गुजर रही थी तब भी देश की जनता को राहत मिली और संकट से उबारा गया। भारत का प्रबंधन दुनिया के लिए प्रेरणा बना। अमेरिका महंगाई से त्रस्त है, लेकिन भारत ने उक्त संकटों का बखूबी सामना किया। भारत में सुरक्षा, आस्था का सम्मान व अर्थव्यवस्था को मजबूती से बढ़ाया जा रहा है। आतंकवादियों, उग्रवादियों व नक्सलवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देकर भारत की ताकत का अहसास कराया जा रहा है।

### गरीब, किसान, महिला व युवा को केंद्र में रखकर योजनाएं चलायी जा रही हैं।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री की नजर में चार जातियां (गरीब, किसान, महिला, युवा) ही हैं। योजनाएं इन्हें केंद्र में रखकर ही बन रही हैं। मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के कार्यक्रम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए अब गरीब हाथ नहीं फैलाते, बल्कि अधिकारी घर जाकर बताते हैं कि आपका चयन हुआ है। आज बिना सिफारिश रसोई गैस, राशन, पेंशन, आयुष्मान आदि सुविधाएं मिल रही हैं। मेरे लिए उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ लोग परिवार के सदस्य हैं। उनकी समृद्धि के लिए कार्य करना ही हमारा मिशन है।

सीएम ने कहा कि उन्नाव भी स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का अंग बना है। अमर नायक वीर गुलाब सिंह लोधी देश को आजाद कराने के लिए कभी उन्नाव से हजरतगंज, लखनऊ तक पहुंचे थे। अब विकास लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक जाएगा। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ तक पहुंची है। ऐसे ही लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। चारों ओर रिंग रोड बनेगी। लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली जनपद आपस में जुड़ेंगे, विकास में सबकी बराबर की सहभागिता होगी। हमारे पास ऊजार्वान युवा, मेहनती किसान, आधी आबादी की ताकत, मां गंगा का आशीर्वाद है। अब यह जनपद भी विकसित उन्नाव के रूप में प्रस्तुत होगा। अलग-अलग जनपदों में इंडस्ट्रियल कलस्टर विकसित किए जा रहे हैं। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की तैयारी चल रही है। सरकार 100 वर्ष की कार्ययोजना को लेकर कार्य कर रही है।

### एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट कनेक्टिविटी में यूपी सबसे आगे

**सीएम ने कहा कि देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे पर कोई चलेगा तो उसे पता लग जाएगा कि ग्लोबल स्टैंडर्ड कैसे लागू किए जाते हैं। इस एक्सप्रेसवे की राइडिंग क्वालिटी वही है, जो दुनिया में सबसे अच्छी सड़क की है। हमने इस एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री जी को उन्नाव व हरदोई के बीच में आमंत्रित किया। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट कनेक्टिविटी में यूपी सबसे आगे है। कार्यक्रम के अवसर पर राज्य मंत्री उच्च शिक्षामंत्री रजनी तिवारी, अध्यक्ष जिला पंचायत उन्नाव शकुन सिंह, सांसद डॉ स्वामी सच्चीदानन्द हरि साक्षी महाराज, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक मोहन बृजेश कुमार, विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक , एमएलसी रामचंद्र प्रधान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य आनन्द अवस्थी जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुराग अवस्थी जिलाधिकारी घनश्याम मीना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सुशील कुमार गोड, न्यायिक अमिताभ यादव अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी जन प्रतिनिधि गण सहित व बड़ी संख्या में जनपद उन्नाव के सदर और भगवंत नगर विधानसभा के सम्मानित नागरिक गण मौजूद रहे।**

# खराब खड़ी बस में पीछे से घुसी डीसीएम, एक की मौत, आधा दर्जन घायल

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अचलगंज लालगंज हाइवे स्थित पचोडडा गांव निकट मार्ग के किनारे खराब खड़ी बस में पीछे से डीसीएम ने टक्कर मार दी ।जिससे बस के नीचे रिपेयरिंग कर रहे सात लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया ।जहां बस चालक की मौत हो गई तथा छह लोग घायल हो गए ।घायलों में तीन का जिला अस्पताल व दो का हैलेट में इलाज चल रहा है ।मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है ।घटना गुरुवार भोर पहर की है बदायूं से आजम गढ़ जा रही एक निजी बस बुधवार शाम को पचोडडा गांव निकट अचानक खराब हो गई थी। जिसे ड्राइवर ने सड़क के किनारे खड़ी दी थी । बस मालिक की सूचना पर बदायूं से एक कार में सवार होकर आधा दर्जन मैकेनिक मैकेनिक उसे ठीक करने आए थे। मरम्मत के दौरान गुरुवार की भोर पहर लगभग 5 बजे अचानक पीछे से आ रही डीसीएम खडी बस में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बस के नीचे काम कर रहे बदायूं जनपद के जलंधरी सराय निवासी बाबू खान 50 वर्ष की मौत ही गई जबकि बदायूं जिले के गंगाराम 45, शब्बीर 35 ,अवधेश 50, नियाज अहमद 60, राजीव कुमार 60, शाकिर 45 घायल हो गए ।गंभीर रूप से घायल शाकिर राजीव व गंगाराम को कानपुर हैलेट रेफर किया गया है ।मृतक पत्नी नाजिमा बेगम के अलावा दो छोटे छोटे बेटे अपने पीछे छोड़ गया है । डीसीएम चालक वाहन छोड़ कर भाग जाने में सफल रहा।

# जहरीले सर्प के काटने से मासूम बच्ची की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रनियाखेड़ा गांव में बुधवार सुबह सांप के काटने से पांच वर्षीय बच्ची सुधा की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई जब बच्ची अपने घर के कमरे में खेल रही थी। सांप के काटने के बाद बच्ची के पिता राहुल मौर्य और मां खुशबू देवी उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जा रहे थे। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही सुधा ने रास्ते में दम तोड़ दिया ।मृतक सुधा अपने दो भाइयों, सात वर्षीय सिद्धार्थ और एक वर्षीय यश की इकलौती बहन थी। इस दुखद घटना से परिवार में मातम छा गया है। परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाल्ट बना रेलवे स्टेशन दुर्दशा का शिकार

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। दसको पूर्व रेलवे स्टेशन से हॉल्ट बना नगर का रेलवे स्टेशन अनदेखी के चलते दुर्दशा का शिकार होता चला गया वर्तमान समय इस हाल्ट स्टेशन पर बैठने,पानी,शौचालय, छाया आदि सभी मूलभूत सुविधाएं नदारद है जिससे दैनिक यात्री पटरी पर बैठकर जान जोखिम में डालकर यात्रा करते देखे जा सकते है।

ज्ञात हो दसको वर्ष पूर्व गंजमुरादाबाद रेलवे स्टेशन था किंतु किन्ही कारणों के चलते करीब 30 वर्ष पूर्व इस रेलवे स्टेशन को हॉल्ट बना दिया गया तबसे अब तक इस हाल्ट स्टेशन की हालत धीरे धीरे खराब होती गई वर्तमान समय पेयजल हेतु लगा हैडपंप खराब पड़ा है जबकि यात्रियों के बैठने के लिए कोई बेंच आदि भी नहीं है इसके अलावा कोई छाया का भी प्रबंध नहीं है जिससे सुबह व शाम पहर प्रतिदिन दर्जनों यात्री पटरी पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करते है हालांकि ट्रेन का समय निहित होने के चलते यात्री समय के लिहाज से सावधानी बरतते है फिर भी अचानक यदि ट्रेन नियमों में तब्दीली करके कोई दूसरी ट्रेन गुजरे तो एक बड़ी घटना हो सकती है ।ज्ञात रहे इस हाल्ट पर दैनिक यात्रा के रूप में बालामऊ कानपुर पैसेंजर के साथ ही एक ट्रेन सीतापुर तक जाती है इन दैनिक ट्रेनों से प्रतिदिन दर्जनों यात्री आवागमन करते है नगर से अनेकों लोग प्रतिदिन न्यायालय आदि कार्यों हेतु उन्नाव जाते है जबकि धार्मिक आस्था के चलते अनेकों यात्री बालामऊ व सीतापुर की तरफ जाते है। महंगाई के इस दौर में नगर के स्टेशन से उन्नाव ,कानपुर , नीमसार शहरों का किराया महज 20 रुपए है जिससे प्रतिदिन बड़ी तादाद में यात्री आवागमन करते है ।किंतु मूलभूत सुविधाएं ना होने से परेशानी बनी रहती है।

कुछ यात्रियों की चर्चा पर गौर करे तो नगर से प्रतिदिन अनेकों यात्री है जो यात्रा तो दैनिक करते है किंतु आवागमन की जानकारी होने के कारण अनेक लोग बिना टिकट यात्रा करते है जबकि कोई चेकिंग आदि की सूचना होती है तो यह लोग टिकट खरीदते है अन्यथा बिना टिकट यात्रा करते है ।जिससे रेलवे को तो नुकसान होता ही है साथ ही इस रूट मार्ग की चेकिंग व्यस्था पर भी सवाल खड़े होते दिख रहे है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव हरदोई मार्ग के फतेहपुर गांव के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में हुए इस हादसे के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बांगरमऊ के मोहल्ला पुरनिया निवासी बाबू पुत्र रामसनेही ने बताया कि उनका चचेरा भाई आदित्य यादव (22) पुत्र स्व. सुघर सिंह यादव, जो गंगाघाट के मोहल्ला कंचन नगर का निवासी था, बुधवार रात करीब एक बजे अपने घर से निकला था। वह फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव कुड़ी में अपने ममेरे भाई अंकित यादव के घर जा रहा था। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रात तीन बजे के आसपास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। बाबू लाल ने बताया कि मृतक आदित्य कानपुर के मोहल्ला क्लेक्टरगंज में एक तेल कारखाने में काम करता था। पिता की मृत्यु के बाद, वह अपनी दो बहनों, सीमा और शिवानी, के साथ अपनी मां निशा का एकमात्र सहारा था और परिवार का भरण-पोषण कर रहा था ।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने जानकारी दी कि चचेरे भाई बाबू लाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है ।पुलिस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का पता लगाया जा सके।

# लापता युवक का शव बरामद, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के चालाकन टोला गांव में चार दिन से लापता 35 वर्षीय मजदूर कल्लू का शव बरामद हुआ है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही विजय पाल, शेरू व दो अन्य अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार, चालाकन टोला निवासी कल्लू पुत्र संतु 13 जून से लापता था। वह बागों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। कल्लू चार भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर का था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला ।गुरुवार को परिजनों को कल्लू की मौत की सूचना मिली। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि कुछ दिन पहले विजय पाल, शेरू व अन्य ने कल्लू के साथ मारपीट की थी। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में छोड़ दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। घटना के सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है ।मृतक के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# रात्रि चौपाल का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




बांगरमऊ, उन्नाव। केंद्र की भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीते बुधवार की रात क्षेत्र के ग्राम माढ़ापुर में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विधायक श्रीकांत कटियार ने दावा किया कि रक्षा के मामले में भारत आत्मनिर्भर ही नहीं हुआ है, बल्कि आज भारत अन्य देशों को हथियारों का निर्यात भी कर रहा है। चौपाल में विधायक श्री कटियार ने प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि,आयुष्मान, कन्या सुमंगला, मातृ वंदन, निःशुल्क राशन वितरण व गरीब परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस आदि सहित करीब दो दर्जन जनकल्याणकारी योजनाओं की फेहरिस्त पेश की। आतंकवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की नीतियों के चलते देश में चारों तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ था। विकास, विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज देश की जनता राहत महसूस कर रही है और करोड़ों परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठकर देश की मुख्य धारा में शामिल हुए हैं। इसी प्रकार प्रदेश की योगी सरकार मात्र 5 साल के अंदर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सपने को साकार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीब परिवारों और बुजुर्गों तथा कर्मचारियों को 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज का प्रावधान किया गया है ।चौपाल में समग्र विकास परियोजना, समाज कल्याण विभाग, मातृवंदन योजना, कृषि विकास, पंचायती राज विभाग, लघु सिंचाई, सबको राशन, सबको पोषण व बेसिक शिक्षा विभाग आदि द्वारा स्टाल लगाकर आम जनता को इन योजनाओं से लाभ की जानकारी दी गई। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विजयपाल कुशवाहा तथा संचालन ग्राम विकास अधिकारी रोहित सिंह ने किया। चौपाल में चिकित्साधीक्षक डॉ मुकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, एडीओ पंचायत दीपकांत चोला, एडीओ सहकारिता श्याम सिंह, सचिव रणकेंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण अभिलाष सिंह व वृंदावन राठौर आदि अधिकारियों के अलावा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, पप्पू त्रिवेदी, ज्ञानेश द्विवेदी, कृष्णावतार मिश्रा, अनिल कुमार द्विवेदी निल्लू , शिवकुमार पाल कोटेदार व राजेश कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पिता पुत्री हुए घायल




**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में हैदराबाद-अकबरपुर संपर्क मार्ग पर एक सड़क हादसे में पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार दोपहर यह घटना तब हुई जब उनकी बाइक सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के दरिहट गांव निवासी सूबेदार (40) अपनी 16 वर्षीय पुत्री आशनी को बाइक चलाना सिखा रहे थे। इसी दौरान बसोखा मोहम्मदपुर गांव के पास सड़क पर बने गड्ढे में बाइक का पहिया चला गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई ।हादसे के बाद मौके से गुजर रहे तेज प्रकाश मिश्रा ने घायल पिता-पुत्री को अपनी बाइक से मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां डॉक्टर पंकज वर्मा उनका उपचार कर रहे हैं। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# अज्ञात टैंकर की टक्कर से पिकअप सवार एक की मौत, दो घायल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। कानपुर-लखनऊ मार्ग पर गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक पिकअप सवार व्यक्ति की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एक पेट्रोल टैंकर की टक्कर से हुआ।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे हुई। एक पिकअप वाहन उन्नाव की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात पेट्रोल टैंकर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने फतेहपुर के केबतरा बिंदकी निवासी



निराजुल हसन (45) पुत्र राहत हुसैन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल हुए दो अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है ।पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सामान्य कर दिया गया। पुलिस अज्ञात पेट्रोल टैंकर की तलाश कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तहरीर और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है, परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सम्पादकीय

# ट्रंप को दबाव में लेने में सफल रहा ईरान

आखिरकार 107 दिन से अधिक समय तक जारी संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो ही गया। अब उम्मीद है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव खत्म होगा और महंगाई से जूझ रही दुनिया को कुछ राहत मिलेगी। हालांकि समझौते की शर्तों को देखकर लगता है कि यह काफी पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन दोनों देशों के अड़ियल रुख के कारण अटका हुआ था। अब ईरान आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लेने में सफल रहा और दोनों देश शांति समझौते पर सहमत हुए हैं। यदि 19 जून को जेनेवा में प्रस्तावित समझौते पर हस्ताक्षर हो जाते हैं तो यह केवल दो देशों के बीच युद्धविराम नहीं होगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन का एक महत्वपूर्ण संकेत भी होगा। दिलचस्प बात यह है कि जिस ईरान को अमेरिका लगातार आर्थिक प्रतिबंधों, सैन्य दबाव और कूटनीतिक अलगाव के जरिए झुकाने की कोशिश कर रहा था, वही ईरान आज अपनी प्रमुख शर्तें मनवाने में सफल रहा। ट्रंप ने समझौते की घोषणा करते हुए इसे अपनी बड़ी कूटनीतिक जीत बताया है। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोलने और नौसैनिक नाकेबंदी हटाने की बात कही है, लेकिन सवाल यह है कि यदि अमेरिका को अंततः यही कदम उठाने थे तो फिर 107 दिनों की तबाही, क्षेत्रीय अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक संकट की आशंका क्यों पैदा की गई? दरअसल यह समझौता बताता है कि केवल सैन्य शक्ति के दम पर किसी राष्ट्र को हमेशा झुकाया नहीं जा सकता। ईरान की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि उसने दबाव झेलते हुए भी अपने मूल हितों से समझौता नहीं किया। तेहरान ने स्पष्ट कर दिया कि यदि अमेरिका को स्थायी शांति चाहिए तो उसे नौसैनिक नाकेबंदी हटानी होगी, सैन्य कार्रवाई रोकनी होगी और ईरान के जमे हुए फंड जारी करने होंगे। हालांकि इस समझौते को अंतिम सफलता मान लेना जल्दबाजी होगी। स्वयं ट्रंप ने कहा है कि परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका की संतुष्टि जरूरी होगी, अन्यथा सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। इसका अर्थ है कि अविश्वास अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी किसी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर से समाप्त नहीं होगी। इस पूरे घटनाक्रम में इजराइल का रुख भी महत्वपूर्ण है। समझौते की घोषणा से ठीक पहले लेबनान में की गई बमबारी और इजराइली नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय राजनीति अभी भी जटिल बनी हुई है। ऐसे में यदि अमेरिका और ईरान के बीच रिश्तों में नरमी आती है तो यह इजराइल की रणनीतिक चिंताओं को बढ़ा सकती है। यही वजह है कि शांति प्रक्रिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल वाशिंगटन और तेहरान नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति है। इस समझौते का सबसे बड़ा सकारात्मक प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। वहां तनाव बढ़ने पर तेल की कीमतों में उछाल और महंगाई का खतरा लगातार बना हुआ था। यदि समुद्री मार्ग सामान्य होते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता लौटती है तो ऊर्जा बाजार को राहत मिलेगी। इसका लाभ उन देशों को भी मिलेगा जो पहले से महंगाई और आर्थिक सुस्ती से जूझ रहे हैं। फिलहाल इतना कहा जा सकता है कि इस दौर में कूटनीति ने हथियारों पर बढ़त बनाई है और ईरान ने यह साबित किया है कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और रणनीतिक धैर्य के बल पर बड़ी से बड़ी महाशक्ति को भी बातचीत की मेज तक लाया जा सकता है।

## डिजिटल पंचायत

बलकार सिंह



# ई-गवर्नेंस पुरस्कार से दिखी गांवों की बदलती तस्वीर

भारत के लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उसकी पंचायतों में निहित है। संविधान के 73वें संशोधन ने जिस पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान किया था, आज वही व्यवस्था डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के माध्यम से विकास की नई इबारत लिख रही है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के परिणाम इस परिवर्तन के सशक्त प्रमाण हैं। इन पुरस्कारों ने न केवल पंचायतों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय पहचान दी है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि विकसित भारत 2047 का सपना गांवों की भागीदारी के बिना साकार नहीं हो सकता। पंचायती राज मंत्रालय की चार पहलों का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चयनित होना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल तकनीक के उपयोग का सम्मान नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के प्रयासों की स्वीकृति है। यह पहल देशभर की ग्राम पंचायतों के विकास प्रदर्शन का वैज्ञानिक और डेटा-आधारित मूल्यांकन करती है। स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के नौ विषयों पर आधारित यह सूचकांक पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें परिणामोन्मुख शासन की ओर प्रेरित करता है। यह पहली बार है जब ग्राम पंचायतों के विकास को इतने व्यापक और तथ्यपरक तरीके से मापा जा रहा है। डेटा आधारित शासन की यह संस्कृति आने वाले समय में ग्रामीण प्रशासन की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में महाराष्ट्र के सांगली जिले की कादेपुर ग्राम पंचायत का स्वर्ण पुरस्कार जीतना विशेष रूप से प्रेरणादायक है। यह पंचायत आज डिजिटल भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। यहां 4,300 से अधिक लाभार्थियों को 1,355 से अधिक सेवाएं पूर्णतः ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। पूरी पंचायत कागज रहित ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य कर रही है। आठ एआई-संचालित प्रशासनिक अनुप्रयोग, ब्लॉकचेन आधारित रिकॉर्ड प्रबंधन और जीआईएस आधारित संपत्ति जियो-टैगिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग यह दर्शाता है कि तकनीकी नवाचार केवल महानगरों तक सीमित नहीं है। कादेपुर देश की एकमात्र ग्राम पंचायत है जिसके पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन, नैनो तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स पर औपचारिक रूप से स्वीकृत नीतियां हैं। यह उपलब्धि बताती है कि यदि नेतृत्व दूरदर्शी हो तो गांव भी वैश्विक स्तर की तकनीकी प्रयोगशाला बन सकते हैं। इसी प्रकार त्रिपुरा की बिजॉय नगर ग्राम पंचायत ने रजत पुरस्कार प्राप्त कर यह सिद्ध किया है कि डिजिटल परिवर्तन केवल तकनीक का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी का भी विषय है। इस पंचायत ने सहभागी शासन, वित्तीय जवाबदेही और डिजिटल समावेशन का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया है। पंचायत उन्नति सूचकांक में इसका स्कोर 88.55 तक पहुंच गया है, जो पिछले संस्करण की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि महिलाओं में 100 प्रतिशत डिजिटल साक्षरता प्राप्त करना है। यह उदाहरण बताता है कि जब तकनीक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला परिषद की 'ई-आरोग्य धामनी' पहल को मिला स्वर्ण पुरस्कार ई-गवर्नेंस की सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित करता है। आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल माध्यमों से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान कार्य नहीं है। इस पहल ने सिद्ध किया है कि तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग तभी है जब वह उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। पंचायत उन्नति सूचकांक, कादेपुर, बिजॉय नगर और ई-आरोग्य धामनी जैसी पहलें दिखाती हैं कि गांवों में परिवर्तन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज का जो सपना देखा था, वह आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और जनभागीदारी पर आधारित था।



राष्ट्रभक्ति

महेन्द्र तिवारी

# सैन्य परंपरा-पोशाक में ऐतिहासिक बदलाव

भारतीय सेना का इतिहास पराक्रम, शौर्य और अप्रतिम बलिदान की गाथाओं से समृद्ध है। स्वतंत्रता के बाद से ही हमारी सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और राष्ट्रीय संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। हालांकि, स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी सेना की कुछ आंतरिक व्यवस्थाओं, नियमों, पोशाक और प्रतीकों में ब्रिटिश काल की स्पष्ट छाप दिखाई देती थी। वर्तमान समय में भारतीय सेना अपनी इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एक युगांतरकारी और अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। सेना द्वारा अपनी वेशभूषा नीति, औपचारिक परंपराओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों में किए जा रहे बदलाव इस बात के जीवंत प्रमाण हैं कि अब देश अपनी औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हो चुका है।

इन महत्वपूर्ण और दूरगामी सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को विदेशी प्रभाव से मुक्त कराकर विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अपनी ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार के उन 5 महासंकल्पों का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिन्हें पंच प्रण के नाम से जाना जाता है। इन संकल्पों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रण गुलामी की हर सोच और उसके प्रत्येक प्रतीक से पूर्ण मुक्ति पाना है, जिसे भारतीय सेना अब धरातल पर पूरी निष्ठा के साथ उतार रही है। ब्रिटिश शासनकाल से ही यह व्यवस्था निरंतर चली आ रही थी कि जब भी कोई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी किसी सैनिक कदमताल या विदाई समारोह की सलामी लेता था, तो वह समीक्षा अधिकारी के रूप में अपने साथ एक विशेष औपचारिक तलवार रखता था। यह तलवार ब्रिटिश काल में औपनिवेशिक शासकों द्वारा अपनी शक्ति, सर्वोच्च कमान और भारतीय सैनिकों पर अपने प्रभुत्व का प्रदर्शन करने का एक मुख्य माध्यम मानी जाती थी। स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संप्रभु राष्ट्र में इस तरह के सामंती प्रतीकों की कोई आवश्यकता नहीं रह गई थी।

इसी ऐतिहासिक तथ्य को ध्यान में रखते हुए अब समीक्षा अधिकारी द्वारा सैन्य मार्च के दौरान या किसी भी अन्य औपचारिक निरीक्षण में तलवार रखने की इस पुरानी प्रथा को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अपनी कमान और नेतृत्व के प्रतीक के रूप में ले जाई जाने वाली विशेष छड़ी के इस्तेमाल को अब बेहद सीमित कर दिया गया है। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि भारतीय सेना में नेतृत्व और सम्मान का आधार कोई बाहरी वस्तु या औपनिवेशिक दिखावा नहीं, बल्कि अधिकारी की अपनी योग्यता, कर्तव्यपरायणता और अपने देश के प्रति अटूट निष्ठा है।

इस वैचारिक परिवर्तन का सीधा और गहरा असर सैन्य अधिकारियों के पहनावे और पोशाक से जुड़े नियमों पर भी दिखाई दे रहा है। एक लंबे समय से यह देखा जा रहा था कि सैन्य अधिकारियों के भोजनालयों और अन्य महत्वपूर्ण औपचारिक आयोजनों में पश्चिमी देशों के कोट, औपचारिक वस्त्रों और गले के बंध का ही प्रचलन अनिवार्य बना हुआ था। भारतीय जलवायु और यहां की गौरवशाली संस्कृति के सर्वथा विपरीत इस तरह के विदेशी पहनावे को ढोना भी एक प्रकार की मानसिक परतंत्रता का ही हिस्सा माना जा सकता है। इस पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए अब अधिकारियों की औपचारिक



पोशाक में पहली बार 'बंदी' नाम के पारंपरिक भारतीय परिधान को आधिकारिक तौर पर स्थान दिया गया है। यह बिना आस्तीन का एक विशेष वस्त्र है, जिसे आम बोलचाल में पारंपरिक कुर्ता या भारतीय नेहरू वेशभूषा के रूप में भी जाना जाता है। अब सैन्य अधिकारी इसे अपनी कमीज और पतलून के साथ अत्यंत गर्व से धारण कर सकते हैं। यह कदम न केवल भारतीय वस्त्र उद्योग और स्थानीय शिल्पकला को नया सम्मान देता है, बल्कि सैन्य जीवनशैली में एक विशिष्ट भारतीय पहचान का समावेश भी करता है। इसके माध्यम से यह दृढ़ संदेश दिया गया है कि हमारे अपने पारंपरिक परिधान भी दुनिया के किसी भी उच्च स्तरीय आधिकारिक आयोजन के लिए पूरी तरह से गरिमापूर्ण और सर्वश्रेष्ठ हैं। इस प्रकार, सैन्य व्यवस्था और उसकी जीवनशैली में किए गए ये सभी बदलाव केवल ऊपरी या सतही परिवर्तन नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय समाज और राष्ट्र की सोच में आ रहे एक व्यापक गुणात्मक सुधार को रेखांकित करते हैं। सेना के सभी संगीत दल अब विदेशी धुनों की बजाय भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत और देश की माटी से जुड़ी देशभक्ति की धुनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। यह युगांतरकारी बदलाव भविष्य की पीढ़ियों को भी अपनी अनूठी संस्कृति पर गर्व करने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा। परंपराओं के इस शुद्धिकरण के अंतर्गत केवल पहनावा ही नहीं बदला गया है, बल्कि अधिकारियों की विदाई के तौर-तरीकों में भी बड़े सुधार किए गए हैं। पूर्ववर्ती नियमों के अनुसार, जब भी सेना के शीर्ष पदों पर आसीन अधिकारी, जैसे थल सेनाध्यक्ष या सैन्य कमान प्रमुख अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होते थे, तो उन्हें विदाई देने के लिए घोड़ों से खिंचने वाली एक पुरानी पारंपरिक बग्घी का उपयोग किया जाता था। यह घोड़ों वाली बग्घी प्रथा पूरी तरह से ब्रिटिश राजसी ठाट-बाठ और आम जनता तथा साधारण सैनिकों से दूरी बनाए रखने की औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित थी, जो एक लोकतान्त्रिक देश की सेना में उचित नहीं जान पड़ती थी। अब सेना ने इस सामंती विदाई प्रथा को भी हमेशा के लिए बंद करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। अब अधिकारियों की विदाई बेहद सादगीपूर्ण, अनुशासित और भारतीय मूल्यों के अनुरूप की जाती है। यह बदलाव सैन्य अधिकारियों और उनके अधीन काम करने वाले जवानों के बीच की दूरी को कम करने तथा सेना के भीतर एक समतावादी और आत्मीय वातावरण स्थापित करने में बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है।

सैन्य संस्कृति का एक और बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा उसका संगीत होता है, जो सैनिकों के भीतर अदम्य साहस का संचार करता है। युद्ध के मैदान से लेकर शांति काल के समारोहों तक, सैन्य संगीत दल हमेशा से जवानों में जोश और देशप्रेम की भावना भरते रहे हैं। लेकिन स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी हमारे विभिन्न सैन्य संगीत दल पुरानी अंग्रेजी और स्कॉटिश धुनों को बजाने के लिए विवश थे। गणतंत्र दिवस उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में वर्षों तक एक विदेशी प्रार्थना धुन बजाई जाती थी, जिसका भारतीय जनमानस से कोई भी भावनात्मक जुड़ाव नहीं था। अब इस व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए उस पुरानी विदेशी धुन के स्थान पर 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसी अमर, लोकप्रिय और हृदयस्पर्शी भारतीय देशभक्ति धुन को शामिल किया गया है। जब सैन्य वाद्यों से भारतीय राग और लोक धुनें निकलती हैं, तो वे न केवल सैनिकों का मनोबल बढ़ाती हैं बल्कि पूरे देश को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने का काम करती हैं। इन सुधारों के माध्यम से सेना ने यह साबित कर दिया है कि वह आधुनिकतम तकनीकों और घातक हथियारों से लैस होने के साथ-साथ वैचारिक रूप से पूरी तरह भारतीय मूल्यों, सिद्धांतों और राष्ट्रभक्ति के प्रति समर्पित है।


वर्तमान समय में भारतीय सेना अपनी इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एक युगांतरकारी और अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। सेना द्वारा अपनी वेशभूषा नीति, औपचारिक परंपराओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों में किए जा रहे बदलाव इस बात के जीवंत प्रमाण हैं कि अब देश अपनी औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हो चुका है। इन महत्वपूर्ण और दूरगामी सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को विदेशी प्रभाव से मुक्त कराकर विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अपनी ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार के उन 5 महासंकल्पों का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिन्हें पंच प्रण के नाम से जाना जाता है।


# भजन ही शरीर का प्राण



संकलित

दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

# ईश्वर बहुत दयालु है



संकलित

प्रेरणा

एक राजा का एक विशाल फलों का बगीचा था, उसमें तरह-तरह के फल होते थे और उस बगीचा की सारी देखरेख एक किसान अपने परिवार के साथ करता था। वह किसान हर दिन बगीचे के ताज़े फल लेकर राजा के राजमहल में जाता था। एक दिन किसान ने पेड़ों पे देखा नारियल, अमरुद, बेर, और अंगूर पक कर तैयार हो रहे हैं, किसान सोचने लगा आज कौन सा फल महाराज को अर्पित करूँ। फिर उसे लगा अँगूर करने चाहिए, क्योंकि वो तैयार हैं। इसलिए उसने अंगूरों की टोकरी भर ली और राजा को देने चल पड़ा! किसान राजमहल में पहुंचा, राजा किसी दूसरे ख्याल में खोया हुआ था और नाराज भी लग रहा था। किसान रोज की तरह मीठे रसीले अंगूरों की टोकरी राजा के सामने रख दी और थोड़े दूर बैठ गया। अब राजा उसी ख्यालों-ख्यालों में टोकरी में से अंगूर उठाता एक खाता और एक खींच कर किसान के माथे पे निशाना साधकर फेंक देता। राजा का अंगूर जब भी किसान के माथे या शरीर पर लगता था तो किसान कहता था, ईश्वर बड़ा दयालु है। राजा फिर और जोर से अंगूर फेकता था, किसान फिर वही कहता था, ईश्वर बड़ा दयालु है। थोड़ी देर बाद राजा को एहसास हुआ कि वो क्या कर रहा है और प्रत्युत्तर क्या आ रहा है, वो सम्भल कर बैठा। उसने किसान से कहा, मै तुझे बार-बार अंगूर मार रहा हूँ और ये अंगूर तुम्हे लग भी रहे हैं, फिर भी तुम यह बार-बार क्यों कह रहे हो कि ईश्वर बड़ा दयालु है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती असहिष्णुता

राजधानी रायपुर में मामूली विवाद से शुरू हुआ झगड़ा हत्या तक पहुंच रहा है। ऐसी घटनाएं समाज में बढ़ती असहिष्णुता, गुस्से और संवाद की कमी की गंभीर समस्या को उजागर करती है। आज देशभर में छोटी-छोटी बातों पर हिंसा, मारपीट और हत्याओं की घटनाएं बढ़ती दिखाई दे रही हैं। इसके पीछे घटता धैर्य, बढ़ता तनाव, नशे का दुरुपयोग, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री और न्याय प्रक्रिया में देरी जैसे कई कारण जिम्मेदार माने जा सकते हैं। हालांकि कानून कमजोर नहीं है। भारतीय न्याय संहिता हत्या, दंगा और हिंसा के लिए कड़े दंड का प्रावधान करती है। चुनौती कानूनों की कमी नहीं, बल्कि उनके प्रति सम्मान और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने की है।

*- सुधीर यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### भारत-स्लोवाकिया दोस्ती



प्रधानमंत्री फिको के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-स्लोवाकिया दोस्ती के लिए यह एक बहुत खास पल है। ऑटोमोबाइल, रेलवे, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।

-**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### जीवन में ठोस सुधार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में,पिछले 12 वर्षों में टैक्स में राहत, मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, आधुनिक कनेक्टिविटी और 'ईज ऑफ़लिविंग' (जीवन को आसान बनाने) पर लगातार ध्यान दिए जाने से भारत के मध्यम वर्ग के जीवन में ठोस सुधार आए हैं।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### ईडी पार्टी जिम्मेदार



ईडी पार्टी के अधिकारी खुद पंजाब में ड्रग्स बेचते हुए पकड़े गए। क्या उसके तार ड्रग्स से जुड़े हैं? आज पंजाब में 70% ड्रग्स गुजरात के रास्तों से आ रही है। पंजाब के युवाओं को बर्बाद करने के लिए ईडी पार्टी और 'चिट्टा पार्टी' जिम्मेदार है।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### मातृभूमि की नई कहानी



नफरत के कांटे बहुत बढ़ गए हैं, अब 'फूलों का मौसम' लाने का समय आ गया है। 'प्यार, करुणा और अपनापन' लेकर हमें हर गांव और गली तक पहुंचना है। मिलकर, हम सभी को अपनी मातृभूमि की एक नई कहानी लिखनी है।

-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# पिचाई के भाषण में छात्रों ने लहराए फलस्तीन झंडे



अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई के संबोधन के दौरान फलस्तीन समर्थक कई छात्रों ने बहिर्गमन किया और झंडे लहराए। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से 'मैटीरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग' में मास्टर ऑफ साइंस (एमएस) की डिग्री प्राप्त कर चुके पिचाई रविवार को वर्ष 2026 की कक्षा को संबोधित करने के लिए अपने पूर्व शिक्षण संस्थान लौटे थे। 'स्टैनफोर्ड रिपोर्ट' के अनुसार विश्वविद्यालय के 135वें दीक्षांत समारोह में 3,600 छात्रों सहित 20,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। 'एसएफगेट' की एक खबर में कहा गया है

## ऑफ बीट

# भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं



क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है,

## संक्षेप

### लखनऊ जाने निकले युवक का शव नाले किनारे मिला

**अमेठी में घर से 600 मीटर दूर, काम की तलाश में निकला था**

अमेठी , एक युवक का शव उसके घर से करीब 600 मीटर दूर एक नाले के किनारे मिला है। युवक सोमवार सुबह लखनऊ जाने के लिए निकला था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौली लाल का पुरवा गांव की है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय प्रमोद पुत्र जगन पासी के रूप में हुई है। प्रमोद सोमवार सुबह काम की तलाश में लखनऊ जाने की बात कहकर घर से निकला था। आज सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने नाले के किनारे शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार, युवक के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो पाएगी। मुसाफिरखाना सीओ अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 112 नंबर पर सूचना मिली थी कि नैया नाला के पास प्रमोद का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तालाब की जमीन से अवैध कब्जा हटा

**नायब तहसीलदार की मौजूदगी में गरथोलिया में बुलडोजर चला**

अमेठी , प्रशासन ने तालाब की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी के नेतृत्व में शाहगढ़ विकासखंड के गरथोलिया क्षेत्र में की गई। इस दौरान राजस्व और पुलिस की टीम मौजूद रही। शाहगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत कपूरपुर के राजस्व गांव नौवाडीह के पूरे दीनबंधु में गाटा संख्या 305 पर तालाब दर्ज है। आरोप है कि अफरोज अली उर्फ राहुल पुत्र नजीर अली इस सरकारी जमीन पर लगातार अवैध निर्माण कर रहे थे। हल्का लेखपाल गौरव यादव, कुलदीप यादव, मनीष सरोज और भावना सिंह ने मौके पर जाकर निर्माण रुकवाने का प्रयास किया था और नोटिस भी जारी किया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा, जिसमें आरोपी दिन में काम बंद कर रात में चोरी-छिपे निर्माण कर रहा था। नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी के निर्देश पर जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और तालाब की जमीन पर हुए पूरे अवैध निर्माण को गिरा दिया गया। मुंशीगंज थाने की पुलिस टीम और महिला पुलिस भी कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद रही। प्रशासन ने जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए चेतावनी दी है कि सरकारी तालाब, नाली और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब इस तालाब की जमीन को चिन्हित कर सुरक्षित किया जाएगा।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच ने टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में जिला मुख्यालय स्थिति धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते हुए महासंघ जिलाध्यक्ष बहराइच आनंद मोहन मिश्र के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर दिया गया। भीषण गर्मी व अवकाश के बावजूद, जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से सैकड़ों शिक्षक कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी मांगों को लेकर एकत्र हुए। महासंघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि पीके गिरि नायब तहसीलदार सदर कों भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित तीन अलग-अलग ज्ञापन प्रेषित किए। ज्ञापन में बताया कि 23 अगस्त 2010 को NCTE द्वारा जारी अधिसूचना और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के कारण शिक्षकों की सेवा सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इसमें देश भर में 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक और उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि (27 जुलाई 2011) से पहले नियुक्त शिक्षक शामिल हैं। महासंघ की प्रमुख मांग है कि देश के विभिन्न राज्यों में 23 अगस्त 2010 से पूर्व और उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त सभी सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि इन शिक्षकों की नियुक्तियाँ उस समय के प्रभावी नियमों के अनुसार वैध थीं। बाद में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्याय विरुद्ध है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें आवश्यक विधायी, नीतिगत या प्रशासनिक कदम उठाकर शिक्षकों को पूर्ण संरक्षण प्रदान करें। ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने कहा कि दशकों से सेवा दे रहे शिक्षकों के भविष्य को अनिश्चितता में डालना शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता और शिक्षकों के मनोबल दोनों को प्रभावित करेगा। उन्होंने संसद और सरकार से इस विषय पर त्वरित और न्यायोचित हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा ने कहा यह लड़ाई सिर्फ एक परीक्षा के विरोध की नहीं, बल्कि उन लाखों अनुभवी शिक्षकों के सम्मान और सेवा सुरक्षा की है, जिन्होंने वर्षों तक राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करना अनुचित है। संचालन करते हुए जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी नें कहा कि, इन शिक्षकों की नियुक्तियां उस समय लागू नियमों, निर्धारित शैक्षिक योग्यताओं और चयन प्रक्रिया के अनुसार पूरी तरह वैध थीं। जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी ने कहा कि, टी ई टी की अनिवार्यता सेवारत शिक्षकों पर थोपा जाना सरासर अन्याय है इसे तत्काल समाप्त किया जाए, ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संरक्षक बलदेव प्रसाद पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर पाठक, आशीष कुमार शुक्ल, सैयद सुरूर अख्तर, रूपाली शरण श्रीवास्तव, जिला मंत्री राजीव कुमार तिवारी, राजेश कुमार मिश्र, धनंजय पाण्डेय, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद गिरि, विशेश्वरगंज अध्यक्ष शरद शुक्ल, फखरपुर अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा, हुजूरपुर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, ब्लॉक महामंत्री बलहा जीतेन्द्र पाठक, शिवपुर महामंत्री योगेश त्रिपाठी, अरविन्द शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, अरविन्द शुक्ला, वृजेश प्रताप चौधरी, अमीर एहतिशाम, मो तारिक, कुमार अभय, वरिष्ठ शिक्षक सूर्यकुमार पाण्डेय, वैभव सिंह, उमेश वर्मा, उमेश कुमार, विपिन विहारी तिवारी, अरविन्द वर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक -शिक्षिकाएं तथा जिला व ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लिया जाए, ताकि सेवा से जुड़े सभी प्रकार के संशय और चिंताएं समाप्त हो सकें।

# नैफेड द्वारा आपूर्तित नवीन रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण कार्य का हुआ शुभारम्भ



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं की उपलब्धियों तथा जन सामान्य के जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तनों को प्रदर्शित करने हेतु सेवा संस्कार सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप उत्थान ऑडिटोरियम, बहराइच में बुधवार को बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रदर्शिनी/स्टाल का मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनंद कुमार गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष डा0 कृष्ण कुमार, महामंत्री रणविजय सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा संचित सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निहारिका विश्वकर्मा के साथ नैफेड द्वारा आपूर्तित नवीन रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार का लाभार्थियों में वितरण कर शुभारम्भ किया तथा 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व 02 बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया।

# चोरी की 5 बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीव चौहान ने बताया पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त व चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर कैदबाग बनगया के पास घेराबंदी कर अमित कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी अगनापारा, थाना फखरपुर को चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में अभियुक्त ने कबूल किया कि उसने 4 अन्य मोटरसाइकिलें भी चोरी कर अलग-अलग स्थानों पर छिपा रखी हैं। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 4 और बाइकें बरामद कर लीं। इस तरह पुलिस ने कुल 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नेपाल सीमा पर व्यापारिक मंदी को लेकर इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक से हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार-समाजसेवी शेर सिंह कसौधन तथा नगर उपाध्यक्ष एवं पत्रकार इरशाद हुसैन ने इंडियन बैंक रूपईडीहा शाखा के प्रबंधक पवन सिंह से उनके कार्यालय में पहुंचकर औपचारिक भेंट की। इस दौरान नेपाल सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा की वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने शाखा प्रबंधक को अवगत कराया कि नेपाल में नई सरकार के गठन के बाद भारत से जाने वाले घरेलू इस्तेमाल के सामानों पर भंसार (सीमा शुल्क) लगाए जाने के कारण नेपाली ग्राहकों की संख्या में काफी कमी आई है। इसका सीधा असर रूपईडीहा बाजार के व्यापार पर पड़ा है और स्थानीय कारोबार गंभीर मंदी के दौर से गुजर रहा है। व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों एवं बाजार की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक पवन सिंह ने कहा कि बैंक क्षेत्र के व्यापारियों एवं ग्राहकों के हितों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि रूपईडीहा के व्यापारियों को किसी भी प्रकार के वित्तीय सहयोग अथवा बैंकिंग सुविधाओं की आवश्यकता होगी तो इंडियन बैंक हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारे ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा उद्देश्य है। बैठक के दौरान क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने तथा व्यापारिक हितों के संरक्षण के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने पर भी सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर शेर सिंह कसौधन, इरशाद हुसैन एवं महबूब अहमद मौजूद रहे।

# जिले में रोज एक हजार से अधिक वाहनों का हो रहा चालान, फिर भी नियम तोड़ रहे चालक

**1106 वाहनों का हुआ चालान तीन सीज**



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिले में प्रत्येक दिन एक हजार से अधिक वाहनों का चालान व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है लेकिन जनपद बहराइच के लोग नियमों को तोड़ने में नंबर वन पर दिखाई दे रहे हैं। ट्रिपल सवारी बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट और मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलना लोगों की आदत में बन गया है यातायात व पुलिस विभाग भी परेशान है। जनपद बहराइच में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात और पुलिस विभाग लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला रहा है जिसमें नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रहे हैं। बुधवार को यातायात व पुलिस के द्वारा अभियान चला कर नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई जिसमें 1106 वाहन चालकों का ऑनलाइन चालान एक लाख छत्तीस हजार रुपए से अधिक का किया गया वहीं तीन वाहनों को सीज किया गया है। यातायात प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े कंटेनर से टकराई डीसीएम

## अमेठी में चालक-खालसी घायल, अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, शूकुल बाजार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। लखनऊ-गाजीपुर लेन पर किलोमीटर संख्या 63 के पास सड़क किनारे खड़ी एक कंटेनर में पीछे से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में डीसीएम के ड्राइवर और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही एक्सप्रेस-वे की रेस्क्यू टीम और शूकुल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने क्षतिग्रस्त डीसीएम में फंसे दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। उन्हें तत्काल सीएचसी शूकुल बाजार भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद, दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज तिलोई रेफर कर दिया गया। डीसीएम चालक राहुल यादव (पुत्र राजबहादुर, निवासी असनपुर नारकी, फिरोजाबाद) के चेहरे और हाथ-पैर में चोटें आईं, जबकि क्लीनर राजबहादुर (पुत्र सुनहरी लाल) के बाएं पैर में गंभीर चोट लगी। जानकारी के अनुसार, HR46E7433 नंबर का कंटेनर खराब होकर सड़क किनारे खड़ा था। पीछे से आ रही HR47FY7430 नंबर की डीसीएम ने उसे टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इगलास तहसील में भाकियू हरपाल गुट का धरना प्रदर्शन

## किसानों की समस्याओं पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




इगलास, भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) ने आज इगलास तहसील पर किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संगठन ने देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक मांग पत्र स्थानीय तहसीलदार को सौंपा। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से हाईवे, जेवर एयरपोर्ट, रेलवे कॉरिडोर और एक्सप्रेस-वे जैसी विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जा रही किसानों की भूमि के बदले उचित अधिकार और सुविधाएं देने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने कई प्रमुख मांगें उठाईं। इनमें जेवर एयरपोर्ट व अन्य परियोजनाओं से प्रभावित किसानों को भूमि का पूरा और उचित मुआवजा देने की मांग शामिल है। साथ ही, किसानों को मुफ्त यात्रा और नौकरी की सुविधाएं सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। संगठन ने प्रभावित किसान परिवारों के युवाओं को रोजगार देने और उन्हें यात्रा किराए व टोल में 50 प्रतिशत की सीधी छूट प्रदान करने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, रेलवे लाइन, सरकारी भवन, नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए भूमि देने वाले सभी किसान परिवारों के सदस्यों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के साथ शिववंश प्रधान और अन्य किसान नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपा का आरोप-राम मंदिर में चंदा चोरी किया आरक्षण घोटाला

## पूर्व विधायक अरुण वर्मा बोले- सरकार जाति देखकर करती है एनकाउंटर

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर ,समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश सरकार पर सरकारी नौकरियों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और आदिवासी) वर्ग के आरक्षण में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं ने सुपर मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि वर्ष 2019 से 2026 तक हुई विभिन्न सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे पीडीए वर्ग को हजारों पदों का नुकसान हुआ। सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव और महासचिव सलाहुद्दीन अहमद ने आरोप लगाया कि विभिन्न विभागों की भर्तियों में आरक्षण व्यवस्था की अनदेखी कर कुल 11,514 से अधिक पद प्रभावित हुए हैं। पार्टी नेताओं ने 69 हजार शिक्षक भर्ती, लेखपाल भर्ती, कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती और एडेड जूनियर हाईस्कूल भर्ती सहित कई चयन प्रक्रियाओं को इसका उदाहरण बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं और प्रशासनिक कार्यवाहियों में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जाति आधारित राजनीति कर रही है और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने के लिए विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। अरुण वर्मा ने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता, जिससे सामाजिक न्याय की अवधारणा प्रभावित हो रही है।

# खाद्य सचल दल ने की छापेमारी

**6 खाद्य उत्पादों के नमूने जांच के लिए भेजे**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने खाद्य निर्माण इकाइयों पर छापेमारी की। इस दौरान छह खाद्य उत्पादों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। अभियान में अचार, चटनी, मुरब्बा और कैंडी जैसे विभिन्न प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांची गई। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 अभय कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने कई निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोड़े स्थित सत्कार फूड प्रोडक्ट से जिमीकंद का अचार, यदुवंशी आंवला मुरब्बा आहार से आंवला चटनी और अमामऊ स्थित डब्ल्यूएसी फूड प्रोडक्ट से आंवला कैंडी के नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त, ताला स्थित खण्डेलवाल फूड प्रोडक्ट से बेल कैंडी एवं आंवला मुरब्बा, तथा रंजीतपुर चिलबिला स्थित स्वदेशी एग्रो प्रोडक्ट से आंवला लड्डू के नमूने भी एकत्र किए गए। कुल छह कानूनी नमूने परीक्षण और विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार दूबे, यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डॉ. तूलिका शर्मा और डॉ. शमशुन नेहा भी उपस्थित रहे।



# किशोरी मोबाइल टावर पर चढ़ी

## नाबालिग ममेरे भाई से अफेयर, बोली- मौके पर बुलाओ तभी उतरूंगी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कुंडा क्षेत्र के फरेंदुपुर मोहल्ले में करीब 12 बजे एक किशोरी प्रेम प्रसंग के चलते मोबाइल टावर पर चढ़ गई। उसने अपने प्रेमी को मौके पर बुलाने की जिद की, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि किशोरी अपने बुआ के बेटे से प्रेम करती थी। किसी बात को लेकर नाराजगी के बाद उसने यह कदम उठाया और सीधे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। टावर पर चढ़ते ही उसने अपने प्रेमी को बुलाने की जिद शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तत्काल प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कुंडा एसडीएम समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई। एक घंटे तक मनाते रहे अफसरकरीब एक घंटे तक अफसर उसे मनात रहे। सूझबूझ और धैर्य के साथ किशोरी को समझाने का प्रयास किया। आखिरकार प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद किशोरी को सकुशल टावर से नीचे उतार लिया गया। नीचे उतरने के बाद किशोरी ने अपने प्रेम प्रसंग की पूरी कहानी बताई। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा रही। फिलहाल पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटे हैं। किशोरी को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## संक्षेप

### रिटायर्ड टीचर का ट्रिपल मर्डर में कोई लेना-देना नहीं

#### सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

बागपत ,बड़ौत में हुए तिहरे हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि इस मामले में उनके वरिष्ठ सदस्य बाबूराम प्रधान को आरोपी बनाया गया है, जिससे स्थानीय बुजुर्गों और निवासियों में चिंता बढ़ गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि बाबूराम प्रधान एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और समाज में उनकी छवि एक ईमानदार तथा सम्मानित व्यक्ति की रही है। एसोसिएशन का दावा है कि उनका इस हत्याकांड से कोई सीधा संबंध नहीं है। संगठन ने यह भी कहा कि घटना के समय बाबूराम प्रधान घटनास्थल के आसपास भी मौजूद नहीं थे। एसोसिएशन के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि जांच पूरी निष्पक्षता और तथ्यों के आधार पर की जाए। उनका कहना है कि न्याय प्रक्रिया में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए, ताकि किसी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी न हो और वास्तविक दोषियों को कानून के दायरे में लाया जा सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति निर्दोष पाया जाता है, तो उसे सम्मानपूर्वक राहत मिलनी चाहिए और उसके सामाजिक सम्मान की रक्षा की जानी चाहिए। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि पुलिस प्रशासन निष्पक्ष जांच कर सच्चाई को सामने लाएगा।इस अवसर पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर मामले में न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। एसपी सूरज राय ने मामले में जल्द जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### बीडीओ को पद पर बनाए रखने की मांग उठी

#### बागपत में जाट महासभा ने डीएम को सौंपा पत्र


बागपत,अखिल भारतीय जाट महासभा उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा है।इस पत्र में ब्लॉक-छपरौली में तैनात खंड विकास अधिकारी साधव को उनके पद पर बनाए रखने की मांग की गई है।यह पत्र महासभा की प्रदेश महासचिव महिला मोर्चा अंजू खोखर के लेटरहेड पर भेजा गया है।महासभा ने पत्र में कहा है कि बीडीओ साधव को उनके पद से हटाने की चचाएं चल रही हैं, जिसका संगठन विरोध करता है। संगठन का मानना है कि संबंधित अधिकारी अपने कार्यों के प्रति मेहनती, कर्तव्यनिष्ठ और जिम्मेदार हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बीडीओ साधव क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते रहे हैं। उनका व्यवहार आमजन के प्रति सकारात्मक रहा है और उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया है संगठन के पदाधिकारियों और ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे अधिकारी को हटाना क्षेत्र के विकास कार्यों को प्रभावित कर सकता है। इसी आधार पर महासभा ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें वर्तमान पद पर बनाए रखा जाए और उनके स्थानांतरण अथवा हटाए जाने पर पुनर्विचार किया जाए। इस पत्र पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और संगठन के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी हैं। इसके माध्यम से प्रशासन तक यह संदेश पहुंचाया गया है कि क्षेत्र के लोग बीडीओ साधव के कार्यों से संतुष्ट हैं और उन्हें पद पर बनाए रखने के पक्ष में हैं।

# पीडीए ने जिस घर को सील किया, उसमें लड़की थी

## अफसर बोले- सीलिंग के समय मकान में कोई नहीं था, अखिलेश बोले- दोषी सस्पेंड हो

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,पीडीए (प्रयागराज विकास प्राधिकरण) की टीम ने एक घर को सील कर दिया।जबकि घर के अंदर एक लड़की थी। पीडीए ने सीलिंग का बोर्ड लगाने के बाद घर के आगे के हिस्से को फीते से बांध दिया। इसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि घर सील है। एक लड़की घर के अंदर से खिड़की से झांकते हुए दिखाई दे रही है। पीडीए जोन संख्या एक के जोनल अधिकारी गंगेश कुमार सिंह ने बताया कि नजूल भूमि को फ्री होल्ड नहीं कराया गया है। ?लेआउट स्वीकृत नहीं है।नोटिस के बाद निर्माण काम हो रहा था। इसलिए 17 जून को टीम ने सीलिंग की कार्रवाई की। सीलिंग के दौरान अंदर कोई नहीं था।दावा किया ये लोग



पीछे के रास्ते से अंदर घुसे हैं। वही वीडियो सामने आने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा- ये हैं असंवेदनशील भाजपा सरकार के गैर ज़िम्मेदार और अमानवीय प्रयागराज विकास प्राधिकरण का हृदयहीन कारनामा। जिसमें ढऊअ समाज की एक महिला का घर और उस घर के अंदर उसकी बेटी को भी सील कर दिया।दोषी को सस्पेंड कर देना चाहिए सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाले संजय कुमार शेखर ने बताया कि मैं झांसी में बिजली विभाग में नौकरी करता हूं। मेरी पत्नी अलका शेखर एजी आफिस प्रयागराज में काम करती है।परिवार में 20 साल का बेटा निखिल और 18 साल की बेटी रिया है।बेटे ने इसी साल इंटर के पेपर दिए हैं।घर में मैं टॉयलेट बनवा रहा हूं।इस पर पीडीए ने नोटिस दे दिया। हमने इसका जवाब दिया था।बुधवार शाम को पीडीए टीम घर पहुंची।उसने मेरे घर को सील कर दिया। जिस समय यह कार्रवाई की गई, उस समय मेरी पत्नी अलका शेखर बेटे को परीक्षा दिलाने गई थी। वह घर में बाहर से ताला बंद कर के गई थी।जबकि बेटी घर के अंदर थी।जब शाम 5 बजे के बाद पत्नी और बेटा आया तो घर सील देखा। इसके बाद उन्होंने मुझे फोन किया।मैं रात में ही झांसी से घर आया। बताया कि गनीमत है कि पड़ोस में मेरे भाई का मकान है।उन्होंने मेरे घर की तरफ बाउंड्री करा रखी थी।मेरी बेटी जब अंदर बंद हो गई तब उन्होंने मुझे रास्ता दिया।वहीं से अब आना जाना हो रहा है।

# राहुल गांधी को 'सुप्रीम लीडर' बताने वाला पोस्टर

## कांग्रेस नेता बोले- जरूरत पड़ी तो खून का एक-एक कतरा समर्पित करूंगा

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन से पहले प्रयागराज में एक विवादित पोस्टर चर्चा का विषय बन गया है। पोस्टर में राहुल गांधी को 'भारत का सुप्रीम लीडर' बताया गया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पोस्टर स्थानीय कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला ने जारी किया है। इसमें राहुल गांधी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाने की अपील की गई है। पोस्टर में राहुल गांधी को 'सत्य के पथिक', 'जन-जन के नेता' और 'भारत का गर्व' जैसे शब्दों से संबोधित किया गया है।पोस्टर में यह भी संदेश दिया गया है कि सत्य, प्रेम और न्याय के पथ पर चलने वाला नेतृत्व ही देश को नई दिशा दे सकता है। इरशाद उल्ला ने कहा कि भविष्य में देश को बेहतर नेतृत्व दे सकते हैं।यदि राहुल गांधी के लिए जरूरत पड़ी




तो वह अपने खून का एक-एक कतरा भी समर्पित करने को तैयार हैं।

### 'राहुल गांधी जैसा नेकदिल और रहमदिल नेता देश में दूसरा नहीं'

पोस्टर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे कांग्रेस कार्यकताओं की अपने नेता के प्रति निष्ठा का प्रतीक बता रहे हैं, जबकि 'भारत का सुप्रीम लीडर' जैसे शब्दों के प्रयोग पर सवाल भी उठा रहे हैं। हालांकि, इस मामले में कांग्रेस संगठन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पोस्टर जारी करने वाले इरशाद उल्ला ने राहुल गांधी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा- राहुल गांधी जैसा नेकदिल और रहमदिल नेता देश में दूसरा नहीं है।

# पत्नी के चरित्र पर हुआ शक पुरुष ने लगाई फांसी हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत डारी खुर्द निवासी एक युवक ने पत्नी पर शंका जाहिर करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण श्रवण प्रजापति जो दूसरे प्रांत में प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था हाल ही में बिगत दिवस रविवार को वह गांव आया तथा कुछ लोगों समेत परिजनों से जानकारी मिली कि उसकी पत्नी गांव के ही एक युवक से बात करती है इसी मामले को लेकर मनमुटाव हुआ वहीं विगत दिवस बुधवार को रात्रि समय श्रवण की पत्नी पिंकी बाहर बरामदे में अपने 8 वर्षीय बेटे यश के साथ सो रही थी पति श्रवण दरवाजा बंद करके सोने के लिए अंदर गया वहीं सुबह दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने बगल के घर से देखा तो श्रवण छत में लगे पंखे की हुक में साड़ी के फंदे से लटक रहा था यह देख पत्नी ने शोर मचाया तथा आसपास के लोग दौड़ पड़े आनन फानन स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई जहां सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने फंदा निकालकर युवक को नीचे उतारा परंतु देखा गया

कि युवक की मौत हो चुकी है थाना प्रभारी बकेवर तुषार श्रीवास्तव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृतक की मां रामदुलारी ने बयान देते हुए बताया कि बहू पिंकी बेटे के न रहने पर गांव के ही एक युवक से बातचीत करने लगी तथा प्रेम कर बैठी यह जानकारी जैसे ही बेटा श्रवण को मिली तो उसने विरोध किया इस मामले को लेकर कई बार कहा सुनी झगड़ा तथा पंचायत भी हुई परंतु बहू पिंकी मानने को तैयार नहीं हुई जिससे आहत होकर बेटे श्रवण ने आत्महत्या कर ली वही शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों द्वारा यदि तहरीर दी जाती है तो अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्रार कार्यालय पर ताला जड़ा

## ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन, कार्य प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मवाना तहसील में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं ने ई-रजिस्ट्रीकरण व्यवस्था के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्रार कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया, जिससे करीब तीन घंटे तक कार्यालय का कार्य प्रभावित रहा।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से दस्तावेजों के पंजीकरण संबंधी आदेश के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया। विरोध स्वरूप रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर धरना दिया गया और अधिवक्ताओं ने अपने चैंबर बंद रखकर कार्य बहिष्कार किया।मवाना सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तोमर की अध्यक्षता में बार हॉल में एक आम सभा आयोजित की गई। सभा का संचालन सचिव नटवर राणा ने किया। बैठक में कई वरिष्ठ और कनिष्ठ सदस्यों सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया, जहां प्रदेश सरकार के आदेश पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ई-रजिस्ट्री



व्यवस्था के विरोध में 16 और 17 जून को रजिस्ट्री कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। साथ ही, मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मवाना को सौंपा जाएगा।प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। बताया गया कि रजिस्ट्रार सुरेश मौर्य भी कार्यालय के भीतर ही रहे। इस घटना से रजिस्ट्री संबंधी सभी कार्य पूरी तरह ठप हो गए।अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों का कहना है कि नई व्यवस्था से उनके कार्यक्षेत्र और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से आदेश वापस लेने और पूर्व व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# चोरी की मोटरसाइकिल समेत दो शातिर चोर गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की कुशल निर्देशन पर गाजीपुर थाना प्रशासन ने एक चोरी के मामले का सफल अनावरण किया थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने मोटरसाइकिल समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया प्रशासन की इस कार्यवाही से क्षेत्र में चोरी जैसी घटनाओं पर लगाम लग सकती है गाजीपुर थाना अध्यक्ष में मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर शंका जाहिर कर दो युवकों को रोककर पूंछताछ की गई वहीं मौके पर मौजूद मोटरसाइकिल के जरूरी कागजात आरसी मांगे गए परंतु किसी के पास कुछ नहीं मिला वहीं जांच के दौरान पता चला की मोटरसाइकिल चोरी की है थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार पर विधिक कार्रवाई की

# तनिष्क चोरी का खुलासा, कर्मचारी, पिता-गर्लफ्रेंड गिरफ्तार

## करोड़ों का सोना बरामद, स्वाट टीम-कविनगर पुलिस की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , आरडीसी स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में हुई करोड़ों रुपये के आभूषणों की चोरी का स्वाट टीम और कविनगर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में शोरूम के कर्मचारी नितिन वर्मा, उसके पिता संजय वर्मा और गर्लफ्रेंड काजल वर्मा को गिरफ्तार किया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि चोरी में लगभग 4.30 किलोग्राम सोने के आभूषण शामिल थे।पुलिस जांच में सामने आया है कि नितिन वर्मा ने अपने साथी चितरंजन उर्फ चिंटू के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। वारदात से एक दिन पहले, 11 जून को नितिन ने अपनी शादी तय होने की खुशी में शोरूम के कर्मचारियों को पार्टी दी थी। इस पार्टी के दौरान कर्मचारियों को शराब पिलाई गई। पुलिस के अनुसार, शोरूम के अकाउंटेंट गौतम राज को भी अधिक शराब पिलाई गई, जिसके बाद उसके बैग से शोरूम की चाबी चुरा ली गई अगले दिन, 12 जून की सुबह करीब 7 बजे, नितिन अपने




साथी चितरंजन के साथ शोरूम पहुंचा। उन्होंने कर्मचारी होने का फायदा उठाकर शोरूम खोला और कीमती सोने के आभूषण चुरा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।चोरी के बाद आरोपियों ने आभूषणों और नकदी का बंटवारा कर लिया था।कुछ आभूषण मेरठ में बेचे गए, जबकि शेष सामान और नकदी अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखी गई थी। पुलिस के अनुसार, नितिन की गर्लफ्रेंड काजल वर्मा ने चोरी के आभूषणों को ठिकाने लगाने और बेचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर स्वाट टीम और कविनगर पुलिस ने गाजियाबाद के साईं फाटक, अवंतिका क्षेत्र से नितिन वर्मा, उसके पिता संजय वर्मा और गर्लफ्रेंड काजल वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से लगभग 2 किलोग्राम सोने के आभूषण, 6.5 लाख रुपये नकद, एक 12 बोर तमंचा और 6 कारतूस बरामद किए हैं।

# प्रभारी मंत्री बोले- सपा ब्रांड फेल तो पीडीए ले आए

## मेरठ पहुंचे मंत्री असीम अरुण, केंद्र सरकार के 12 सालों के काम गिनाए

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के 12साल पूरे होने पर मेरठ के प्रभारी मंत्री असीम अरुण जिले में पहुंचे।इस दौरान उन्होंने रजपुरा ब्लॉक में जनजागरुकता कार्यक्रमों में भाग लिया। पौधरोपण किया। साथ ही विकास भवन में सरकार के कामों को गिनाया।उन्होंने सपा और विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि समाजवादी पार्टी एक ब्रांड थी।वो ब्रांड तो फेल हो गया तो दूसरा ब्रांड पीडीए ले आए। लेकिन वो भी टिक नहीं पाया।प्रेसवार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की पुस्तक का विमोचन किया।



### सरकार के कामों को बताया

असीम अरुण ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल के कार्यकाल को सेवा, सुरक्षा और विकास का काल बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सख्त नीतियों से देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है, जिससे आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा को सरकार की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले बार-बार होते थे और तत्कालीन सरकारें केवल कड़ी निंदा तक सीमित रह जाती थीं, लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई की है।

### अखिलेश अपने समय के विकास की सूची हमें दें

पत्रकार वार्ता के दौरान उनसे जब पूछा गया की अखिलेश कहते हैं कि 12 साल में भाजपा ने कुछ नहीं किया, केवल पीडीए के आरक्षण को लुटा है तो उन्होंने कहा की अखिलेश अपने शासनकाल के विकास कार्यों की सूची ले आएं।हम अपने समय की लेकर आते हैं, तब पता चलेगा कि किसने क्या किया। प्रभारी मँत्री ने कहा कि 12 साल के जो काम है उसकी पूरी की पूरी किताब है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने जो अपने कार्यकाल में काम किया था उसका कुछभी नहीं है। सपा पीडीए की बात करती है, क्योंकि सपा एक ब्रांड था। वो ब्रांड जब फेल हो गया तो अब पीडीए के नाम पर नया ब्रांड लेकर आए हैं। लेकिन कोई भी ऐसा गठबंधन चल नहीं पाएगा।

### मेरठ में अब अपराध, दंगा नहीं विकास है

असीम अरुण ने कहा कि सुरक्षित वातावरण ही विकास की आधारशिला है। उत्तर प्रदेश और मेरठ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जहां कभी अपराध, दंगे और असुरक्षा की चर्चा होती थी, वहीं आज उद्योग, निवेश और रोजगार की संभावनाओं पर बात हो रही है।उन्होंने कहा कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और विकास की योजनाओं के कारण देश आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# पत्नी की मौत के 2 दिन बाद पति का सुसाइड

## ग्रेटर नोएडा कमरे में फंदे से लटका मिला शव, प्रेम विवाह के 8 महीने बाद दो परिवारों में मातम

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर कस्बे में 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दो दिन पहले उसकी पत्नी ने भी हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। लगातार दो आत्महत्याओं से दोनों परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान मेरठ के जानी थाना क्षेत्र स्थित बाफर गांव निवासी सौरभ पुत्र गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।वह सूरजपुर कस्बे में किराये के कमरे में रह रहा था।कमरे में पंखे से लटका मिला शव सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि प्रेम कुंज, गुरुद्वारा वाली गली स्थित एक मकान में युवक ने फांसी लगा ली है।मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि सौरभ का शव कमरे में पंखे से लटका हुआ था। फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य जुटाए। हालांकि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। दो दिन पहले पत्नी ने हॉस्टल से कूदकर दी थी जान पुलिस के मुताबिक, दो दिन पहले नॉलेज पार्क क्षेत्र में सौरभ की पत्नी ने हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। दोनों ने करीब आठ महीने पहले प्रेम विवाह किया था बताया जा रहा है ।

# नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक की सीएम से शिकायत

## भीम आर्मी प्रमुख-सांसद ने सीएम को भेजा पत्र, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,विकास प्राधिकरण में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के श्रम अधिकारों के हनन, ईएसआई, पीएफ और ग्रेच्युटी जैसी वैधानिक सुविधाओं से वंचित रखने, अधिकारियों और ठेकेदारों की कथित मिलीभगत से भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई। शिकायत भीम आर्मी प्रमुख एवं सांसद चंद्र शेखर आजाद ने की।उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।इसी मामले को लेकर दीनाभाना कर्मचारी फेडरेशन ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो 1 जुलाई 2026 से प्राधिकरण कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। भीम आर्मी प्रमुख एवं सांसद चंद्र शेखर आजाद ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि नोएडा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मचारियों के श्रम कानूनों के तहत मिलने वाले अधिकारों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है।



शिकायत के अनुसार कई सफाई कर्मचारी पिछले 10 से 15 सालों से लगातार कार्य कर रहे हैं।भीम आर्मी प्रमुख एवं सांसद चंद्र शेखर आजाद सीएम से शिकायत की। लेकिन उन्हें आज तक ग्रेच्युटी, कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), भविष्य निधि (पीएफ) और अन्य वैधानिक लाभों का समुचित लाभ नहीं मिल सका है।

# मीटिंग के बाद बिगड़ी जीएसटी उपायुक्त की तबीयत

## पत्नी बोली- अपर आयुक्त के उत्पीड़न से डिप्रेशन में गए; सीएम से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में जीएसटी विभाग के एक उपायुक्त की पत्नी ने अपर आयुक्त पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस संबंध में सीएम योगी आदित्यनाथ से लिखित शिकायत कर न्यायिक जांच की मांग की है। आरोप है कि बैठक के दौरान उनके पति के साथ अभद्रता की गई, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए।उपायुक्त की पत्नी शोभिता सिंह के अनुसार, उनके पति वेद प्रकाश सिंह गौतमबुद्ध नगर जोन के खंड-12 में उपायुक्त हैं। एक बैठक के दौरान अचानक बेहोश हो गए थे। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया



गया। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें कोई शारीरिक बीमारी नहीं है, बल्कि किसी बात का गहरा आघात लगा है और वे डिप्रेशन में हैं। शोभिता सिंह ने बताया कि 14 जून को विभाग के कुछ साथी उनके पति का हालचाल जानने घर आए, लेकिन पति ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। उनका आरोप है कि 14 जून से अपर आयुक्त उनके पति पर मिलने का दबाव बना रहे हैं, जबकि पति उनके सामने जाने से डर रहे हैं।

## परियल प्रकरण में नया विवादः पत्रकार पर मुकदमे को लेकर उठे सवाल, प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के आरोप

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद ( हरदोई ) परियल गांव में एसडीएम प्रकरण और आठ वर्षीय रूबी की मौत को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। मामले में पहले प्रकाशित समाचारों के बाद संबंधित पत्रकार पर मुकदमा दर्ज होने से क्षेत्र में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पत्रकार और उसके समर्थकों का आरोप है कि यह कार्रवाई प्रतिशोध की भावना से की गई है, जबकि पुलिस प्रशासन इस आरोप को पूरी तरह निराधार बता रहा है। ज्ञात हो कि परियल गांव में एसडीएम शाहाबाद पर हुए कथित पथराव और मारपीट की घटना के बाद पुलिस की व्यापक कार्रवाई चर्चा का विषय बनी थी। इसी दौरान गांव निवासी राममोहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने अपनी आठ वर्षीय पुत्री रूबी की मौत को पुलिस कार्रवाई से जोड़ते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे प्रकरण ने व्यापक जनचर्चा का रूप ले लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से सफाई देते हुए कहा था कि बच्ची पहले से बीमार थी तथा उसकी मौत का पुलिस कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद समेत अन्य अधिकारियों ने भी आरोपों का खंडन किया था। वहीं कुछ ग्रामीणों और चिकित्सकों के वीडियो भी सामने आए, जिनमें पुलिस के पक्ष में बातें कही गईं। अब मामले में नया विवाद तब खड़ा हुआ जब संबंधित पत्रकार ने आरोप लगाया कि बच्ची की मौत को लेकर उठे सवालों के बाद पुलिस ने अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए दबावपूर्वक बयान और वीडियो जारी करवाए। पत्रकार का दावा है कि उसके बाद पूर्व में प्रकाशित समाचारों का खंडन कराने का प्रयास किया गया और अंततः उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया। पत्रकार समर्थकों और कुछ सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यदि किसी समाचार से असहमति थी तो उसका वैधानिक खंडन या कानूनी उत्तर दिया जा सकता था, लेकिन पत्रकार पर मुकदमा दर्ज होना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निष्पक्ष पत्रकारिता से जुड़ा प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून के अनुसार जो भी कार्रवाई की गई है, वह उपलब्ध तथ्यों और शिकायतों के आधार पर की गई है। अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के आरोपों को अस्वीकार किया है। परियल प्रकरण अब केवल एसडीएम पर हमले या रूबी की मौत तक सीमित नहीं रह गया है। यह मामला प्रशासनिक कार्रवाई, पुलिस कार्यप्रणाली, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा पत्रकारों की सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण सवालों को जन्म दे रहा है। क्षेत्र के लोगों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होती है या नहीं और उठ रहे सवालों के जवाब किस प्रकार सामने आते हैं। फिलहाल मामले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है तथा विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक वर्गों द्वारा पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## नाविकों की बहादुरी पर समाजसेवी बंटी गुप्ता ने की सम्मान राशि की घोषणा

अमन लेखनी समाचार



विंध्याचल। गंगा नदी में डूब रहे दो युवकों की जान बचाने वाले तीन साहसी नाविकों की बहादुरी को सम्मानित करते हुए फतेपुरी स्वीट हाउस के प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री तारा चंद उर्फ बंटी गुप्ता ने प्रत्येक नाविक को 2100-2100 रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे साहसिक और मानवीय कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं तथा इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। बंटी गुप्ता ने कहा कि जब भी किसी व्यक्ति के सामने किसी की जान बचाने जैसी चुनौतीपूर्ण स्थिति आए तो उसे पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ मदद के लिए आगे आना चाहिए। एक व्यक्ति की जान बचाने से केवल उसका जीवन ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार की खुशियां, भविष्य और मानसिक शांति भी सुरक्षित रहती है। उन्होंने नाविकों के साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज के वास्तविक नायक हैं। उनकी इस घोषणा से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

## योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर गूंजेगा योग का संदेश, श्री हरि मैरेज हॉल में 21 जून को भव्य आयोजन

**प्रेस वार्ता में विशेषज्ञों का दावा– योग से 60 के बाद भी रहें जवान, बीमारियों से मिलेगी मुक्ति**

अमन लेखनी समाचार



जनपद बस्ती, उत्तर प्रदेश 17 जून 2026। ₹उम्र बढ़ना प्रकृति है, लेकिन बीमार होकर बूढ़ा होना मजबूरी नहीं₹- इसी संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की वैश्विक थीम ₹योग फॉर हेल्दी एजिंग₹ को लेकर बस्ती में व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को प्रेस क्लब बस्ती में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने ऐलान किया कि 21 जून को श्री हरि मैरेज हॉल, मालवीय रोड में जिला स्तरीय भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारत स्वाभिमान समिति के जिला प्रभारी ओम प्रकाश आर्य ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने इंसान की औसत आयु 70-75 साल तक पहुंचा दी है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हम आखिरी के 15-20 साल बिस्तर पर, दवाओं के सहारे और दूसरों पर निर्भर होकर बिताना चाहते हैं योग ही एकमात्र ऐसा विज्ञान है जो हेल्थ स्पैन यानी स्वस्थ आयु को बढ़ाता है। नियमित योग से हड्डियां मजबूत, जोड़ लचीले और दिमाग तेज रहता है, जिससे 60 साल के बाद भी व्यक्ति आत्मनिर्भर और सक्रिय जीवन जी सकता है।

### योग बीमारी नहीं, जीवनशैली है : डॉ. नवीन सिंह

इंडियन योग एसोसिएशन पूर्वी जोन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रो. डॉ. नवीन सिंह ने कहा कि लोग योग को सिर्फ आसन-प्राणायाम समझने की भूल करते हैं। योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। ब्लड प्रेशर, शुगर, गठिया, अनिद्रा और डिप्रेशन जैसी उम्रजनित बीमारियों का सबसे सस्ता और साइड इफेक्ट रहित इलाज योग में छिपा है। योग का मकसद सिर्फ उम्र लंबी करना नहीं, बल्कि जिंदगी में ऊर्जा, संतुलन और मानसिक स्पष्टता लाना है। उन्होंने कहा कि अगर 40 की उम्र के बाद हर व्यक्ति सिर्फ 30 मिनट योग को दे दे तो 80 साल तक अस्पताल का मुंह नहीं देखना पड़ेगा।

### 5 से 21 जून तक योग पखवाड़ा, घर-घर पहुंचेगा संदेश

पतंजलि योगपीठ एवं इंडियन योग एसोसिएशन उ.प्र. चैप्टर के तत्वावधान में जिले में 5 जून से योग पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत पार्कों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर निशुल्क योग शिविर लगाए जा रहे हैं। 21 जून को श्री हरि मैरेज हॉल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम में योग प्रदर्शन, व्याख्यान और निशुल्क स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था रहेगी।

**खास समाचार**

## प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, हंगामा और सड़क जाम

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज ( हरदोई )। कस्बे के बिलग्राम मार्ग स्थित बंधन हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही से प्रसूता माधुरी देवी ( 28 ) और नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल के सामने शव रखकर बिल्हौर-कटरा मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम एन. राम और सीओ रवि प्रकाश ने लोगों को समझाकर करीब आधे घंटे बाद जाम खुलवाया। पीड़ित पति एवं ग्राम प्रधान अनुज कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक प्रिंस पटेल और संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जच्चा-बच्चा की मौत के बाद बंधन हॉस्पिटल सील

माधौगंज ( हरदोई )। प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिलग्राम मार्ग स्थित बंधन हॉस्पिटल को सील कर दिया। गुरुवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. सत्यानंद ने पुलिस बल की मौजूदगी में अस्पताल को सील कराया। गौरतलब है कि बुधवार को उपचार के दौरान माधुरी देवी और उनके नवजात की मौत के बाद परिजनों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। मामले में अस्पताल संचालक प्रिंस पटेल और संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं।

## हरदोई में भ्रष्टाचार पर योगी सरकार का डबल एक्शनः शाहाबाद और बिलग्राम के दो ईओ सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। भ्रष्टाचार के आरोपों में शाहाबाद नगर पालिका के ईओ केके सोनकर और बिलग्राम नगर पालिका के ईओ नीलाव शाल्या को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शाहाबाद के ईओ केके सोनकर पर ठेकेदार से रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी करप्शन टीम द्वारा कार्रवाई की गई थी, जबकि बिलग्राम के ईओ नीलाव शाल्या पर कान्हा गोशाला से जुड़े कथित घूसकांड के वायरल वीडियो और जांच रिपोर्ट के आधार पर गाज गिरी है। दोनों अधिकारियों के निलंबन को भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। इस डबल एक्शन से जिले के नगर निकायों में हड़कंप मच गया है और पूरे जनपद में इसकी चर्चा बनी हुई है।

## वादी ने पप्पू दीक्षित का नाम लिखाने से किया इंकार , दिया शपथपत्र

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद ( हरदोई ) परियल प्रकरण से अलग जुड़े एक अन्य विवाद को लेकर दर्ज कराए गए मुकदमे में पत्रकार पप्पू दीक्षित का नाम बढ़ाए जाने के परिणामस्वरूप वादी द्वारा लिखे गए शपथपत्र प्रस्तुत कर यह दावा किए जाने की चर्चा है कि उसने अपनी मूल तहरीर अथवा शिकायत में पत्रकार पप्पू दीक्षित का नाम नहीं लिखवाया था। शपथपत्र में यह भी कहा गया कि घटना तथा कथित अवैध गतिविधियों से पप्पू दीक्षित का कोई संबंध नहीं था। इस शपथपत्र के सामने आने के बाद मामले में नया कानूनी और तथ्यात्मक विवाद खड़ा हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि यदि वादी के अनुसार मूल शिकायत में नाम नहीं था, तो फिर उनका नाम मुकदमे में किस आधार पर शामिल किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस एवं विवेचना से जुड़े अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई विस्तृत सार्वजनिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। मामले को लेकर विभिन्न सामाजिक और पत्रकार संगठनों के बीच भी चर्चा है। कई लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा मुकदमे में नाम शामिल किए जाने की परिस्थितियों को स्पष्ट किए जाने की मांग की है और आईपीएस एएसपी सहित कोतवाली पुलिस और हरदोई पुलिस पर कार्यवाही की मांग की है, इस मामले में लोग उच्च शिक्षा राज्य मन्त्री की भूमिका पर भी सवाल उठा रहे हैं।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रोटरी क्लब रेनुकूट द्वारा हिंडाल्को ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



रेनुकूट। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब रेनुकूट द्वारा हिंडाल्को ब्लड सेंटर में रक्तदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन हिंडाल्को ब्लड सेंटर के प्रमुख डॉ. मनोज मालपानी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। एक यूनिट रक्त कई लोगों को नया जीवन प्रदान कर सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान अभियान की शुरूआत रोटेरियन मनीष सिंह एवं रोटेरियन विशाल कश्यप द्वारा रक्तदान कर की गई। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कई दुर्लभ ग्रुप के डोनर का पंजीकरण भी किया गया जो जरूरत होने पर स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में रो. मनीष सिंह की विशेष भूमिका रही। वहीं रो. उमेश मिश्रा ने सभी रक्तदाताओं की देखरेख की तथा रक्तदान के उपरांत उनके जलपान एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखा। क्लब के उपाध्यक्ष रो. कमलेश सिंह ने कहा कि रक्तदान न केवल एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि यह मानवता के प्रति हमारी संवेदनशीलता और सेवा भावना का प्रतीक भी है। रोटरी का मूल मंत्र री१५्री अुङ्म५ी री ह्व अर्थात ह्लस्वयं से ऊपर सेवाह्व ऐसे ही सेवा कार्यों के माध्यम से साकार होता है। क्लब के ट्रेनर रो संजय रूंथला ने रक्तदान की आवश्यकता एवं रक्तदान से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करता है। नियमित रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, स्वास्थ्य की जांच भी होती रहती है तथा हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की सफलता पर क्लब के सचिव रो. अजित अस्थाना ने सभी रक्तदाताओं, रोटरी सदस्यों एवं हिंडाल्को ब्लड सेंटर की टीम को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लक्ष्मीबाई पार्क में जनकल्याणकारी विकास प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

**मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, सेवा और सुशासन के प्रतीक – प्रभारी मंत्री जोखन शाहू**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा लक्ष्मीबाई पार्क में आयोजित जनकल्याणकारी विकास प्रदर्शनी का बुधवार को केंद्रीय प्रभारी मंत्री जोखन शाहू ने विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां प्रदर्शित योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी ली। प्रदर्शनी स्थल पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं–प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, अमृत योजना और स्मार्ट सिटी मिशन–से संबंधित विस्तृत जानकारी स्टॉलों के माध्यम से आमजन को दी जा रही है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना और पात्र लाभार्थियों तक इन योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है। यह प्रदर्शनी 20 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जोखन शाहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के विकास, जनसेवा और सुशासन को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है, वहीं दूसरी ओर गरीब, किसान, महिला और युवाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धारा 370 का हटाया जाना देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम रहा। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, ट्रिपल तलाक जैसी कुप्रथा का अंत, नागरिक संशोधन कानून लागू करना–ये सभी निर्णय देश के सामाजिक और संवैधानिक ढांचे को मजबूत करने वाले हैं। साथ ही वर्षों से विस्थापित लोगों को नागरिकता देकर उन्हें सम्मानजनक जीवन देने का कार्य भी सरकार ने किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक करीब चार करोड़ आवास गरीबों को दिए जा चुके हैं।

## सराफा व्यापारी से लाखों के सोने-चांदी की लूट, बदमाशों ने हमला कर बैग छीना

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम सराफा व्यापारी से लाखों रुपये के सोने-चांदी की लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक सवार चार बदमाशों ने व्यापारी पर हमला कर सोने-चांदी से भरा बैग और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जबकि व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, हसनापुर निवासी सराफा व्यापारी नसीम घुघेरा स्थित अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी हाफिजखेड़ा गांव के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। व्यापारी द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और उनके पास मौजूद बैग तथा मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक लूटे गए बैग में करीब 100 ग्राम सोना और ढाई किलोग्राम चांदी रखी हुई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल व्यापारी ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कासिमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके का जायजा लिया। कुछ देर बाद पुलिस अधीक्षक हरदोई भी घटनास्थल पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्धों की पहचान के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दुस्साहसिक लूट की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में भय और आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले के जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया है।

## कोर्ट के आदेश के ढाई साल बाद भी नहीं हुई जमीन की फाटबन्दी

**- पीड़ित महिला ने डीएम सोनभद्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार**

**- डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने महिला को न्याय दिलाने का दिया आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। कोर्ट के आदेश के ढाई साल बाद भी जमीन की फाटबन्दी नहीं हुई। सिर्फ कानूनगो व लेखपाल द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। पीड़ित महिला ने डीएम सोनभद्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित महिला मंजू देवी पुत्री सदाफल चौहान निवासी ग्राम मधुपुर, परगना अहरौरा, तहसील व थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने 16 जून 2026 को डीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि डिप्टी कलेक्टर रॉबर्ट्सगंज के न्यायालय ने 31 अक्तूबर 2023 को मौजा मधुपुर स्थित पिताजी की आराजी नम्बर 856/1 रकबा 0.2920 हेक्टेयर जमीन फाटबन्दी का स्पष्ट आदेश पारित किया गया है। जिसमें राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को टीम के साथ मौके पर जाकर सीमांकन करने को कहा गया था। बावजूद इसके ढाई साल बीत जाने के बाद भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, बल्कि कानूनगो व लेखपाल द्वारा आदेश की अवहेलना की जा रही है। इतना ही नहीं पिताजी की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक द्वारा एक जून 2026 को नोटिस जारी की गई थी, जिसमें मधुपुर के प्रधान के साथ 8 जून 2026 को सुबह 8 बजे नापी के लिए पहुंचने को निर्देशित किया गया था। लेकिन मौके पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल नहीं पहुंचे, जब फोन कर नापी के लिए बुलाया गया तो तरह तरह का बहाना बनाकर लगातार हीलाहवाली की जा रही है। पिताजी बीमार हैं, जिसकी वजह से महिला होकर पैरवी करनी पड़ रही है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र कार्यालय में बुधवार को पीड़ित महिला मंजू देवी ने एक शिकायती पत्र देकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराए जाने की मांग की है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि महिला के शिकायती पत्र को एसोसिएशन ने संज्ञान में लिया है। महिला को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि न्यायालय के आदेश की खुली अवमानना है तथा एक गरीब महिला को न्याय से वंचित करने का प्रयास है। पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि उक्त प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप कर न्यायालय के आदेश का अक्षरश अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। यहाँ एसोसिएशन स्पष्ट करता है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ता समाज पीड़िता के समर्थन में विधिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगा। न्याय में देरी अन्याय के समान है। इस अवसर पर एडवोकेट पवन कुमार सिंह, टीटू गुप्ता, मृगराज सिंह, अमित वर्मा, संतोष कुमार यादव, राकेश कुमार सिंह, विनीता, आकृति निर्भया, किरन सिंह, आदर्श देव पांडेय, शाहनवाज आलम खान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## रायपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**, भारी मात्रा में अवैध शराब, स्कूटी एवं नकदी बरामद**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध, अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थों एवं अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना रायपुर पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 16.06.2026 को थाना रायपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्त सुरेश कुमार केशरी पुत्र कन्हैया निवासी गोटीबाँध, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया। तलाशी एवं जांच के दौरान उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना रायपुर पर मु0अ0सं0- 86/2026, धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



## द इंडिया स्टोरी का पोस्टर रिलीज, काजल और श्रेयस उठाएंगे मिलावटखोरी का मुद्दा

मुंबई। एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। द इंडिया स्टोरी फिल्म खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है और एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा पेश करने वाली है। पोस्टर में श्रेयस तलपड़े एक बीमार छोटी बच्ची को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में बॉम्बे हाई कोर्ट दिखाया गया है। साथ ही एक कीटनाशक का सिलेंडर गवाह के बॉक्स में रखा हुआ नजर आता है, जो इस बात का इशारा करता है कि फिल्म में कानूनी लड़ाई अहम भूमिका निभाएगी। फिल्म खाने में मिलावट के खतरनाक असर को दिखाएगी और बताएगी कि यह समस्या देश के लाखों परिवारों को कैसे प्रभावित करती है।



लाइफ Style

# अदा

## मराठी सिनेमा की तरफ बढ़ाए कदम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में एक्टिंग का जादू बिखरने को तैयार हैं। उनकी पहली मराठी फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ गया है। 'द केरल स्टोरी' और '1920' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं।


उनकी पहली फिल्म होगी 'गजरा'। इसका ऐलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, 'मराठी में मेरी पहली फिल्म 'गजरा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है'। अदा शर्मा ने आगे लिखा है, मेरी पहली फिल्म 1920 से केरल स्टोरी, सनफ्लावर, कमांडो, बस्तर, रीता सान्याल तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें। फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला




## स्पाइडर-मैन की शक्तियां आउट ऑफ कंट्रोल

लॉस एंजिल्स। मार्वल स्टूडियो के लिए 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने गुरुवार 18 जून की सुबह हिंदी ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें टॉम हॉलैंड पर्दे पर पीटर पार्कर यानी स्पाइडर-मैन बनकर लौट रहे हैं। 2 मिनट 35 सेकेंड के इस ट्रेलर में हमें 'स्पाइडर-मैन: नो वे होम' की घटनाओं के बाद की झलक मिलती है। लेकिन, सबसे अधिक चौंकाने वाला सीन वो है, जहां हम स्पाइडर-मैन को ब्रूस बैनर यानी हल्क से भिड़ते हुए देखते हैं। जैसे-जैसे पीटर खुद को पहले से ज्यादा मुश्किल हालात में धकेलता है, उसकी शक्तियां आश्चर्यजनक तरीकों से बदलने लगती हैं।



## उम्मीदों पर खरी उतरेगी अवेंजर्स डूम्सडे

लॉस एंजिल्स। रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जो पहले एमसीयू फिल्मों में टोनी स्टार्क यानी आयरन मैन का किरदार निभा चुके हैं, इस बार इस फिल्म में विलेन डॉक्टर डूम के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म दिसंबर में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने कहा है कि आने वाली मार्वल फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और 'अवेंजर्स: एंडगेम' के बाद दर्शकों को निराश नहीं करेगी। एक इंटरव्यू में, जो उन्होंने फिल्म के को-डायरेक्टर जो रूसो के साथ दिया, रॉबर्ट ने कहा कि फिल्म को बहुत सोच-समझकर बनाया गया है ताकि एवेंजर्स: इन्फिनिटी वार और 'अवेंजर्स: एंडगेम' जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी यह दर्शकों को पसंद आए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी परफॉर्मेंस की बात नहीं है।



## दायरा की पहली झलक आई सामने...

नई दिल्ली। सैम बहादुर और राजी जैसी शानदार फिल्में बनाने वालीं निर्देशक मेघना गुलजार आने वाले समय में फिल्म दायरा से दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। लंबे समय से दायरा की चर्चा चल रही है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान और साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे कलाकार अहम किरदार में मौजूद हैं। गुरुवार को दायरा फिल्म की पहली झलक बीटीएस वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर सामने आई है। अभिनेता पृथ्वीराज ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर दायरा का एक लेटेस्ट बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनके साथ करीना कपूर भी लेडी पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में मौजूद हैं। दायरा के इस बीटीएस वीडियो से कन्फर्म होता हो कि ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।



## मुसीबत में फंसे लोगों को बचाते दिखे सनी

मुंबई। आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज होने के अगले ही दिन मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया। बंटवारे की त्रासदी को दिखाते हुए बैकग्राउंड में आवाज चल रही है, 'हिंदुस्तान, जिसे बड़े संघर्ष और कुर्बानियों के बाद 200 साल की गुलामी से आजादी तो मिली, मगर अफसोस कि मुल्क का बंटवारा हो गया। मजहब के नाम पर इंसानियत की हत्या हो रही थी'। इसके बाद टीजर में बंटवारे के वक्त के उन दिल दहला देने वाले दृश्यों को दिखाने की कोशिश की गई है। बैकग्राउंड आवाज आमिर खान की है। बंटवारे के वक्त के मार्मिक सीन हैं। हर तरफ खून-खराबा है। विभाजन के हाहाकार वाले मंजर के बीच सनी देओल की एंट्री होती है। इसी के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल और अली फजल की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला

## भक्ति में डूबे 'तारक मेहता के' मिस्टर अय्यर, जमीन पर बैठ बजाया मजीरा

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाने वाले तनुज महाशब्दे का एक वीडियो चर्चा में हैं, जिसे देख फैंस हैरान हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में तनुज महाशब्दे एक भजन संध्या में लीन नजर आ रहे हैं। वह आम लोगों के बीच जमीन पर



बैठकर भजन-कीर्तन कर रहे हैं और कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। तनुज महाशब्दे साथ ही मजीरा भी बजा रहे हैं। उनका यह अंदाज और आध्यात्म वाला रूप देख फैंस मुरीद हो गए हैं। मालूम हो कि तनुज महाशब्दे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाते हैं, जोकि एक साउथ इंडियन किरदार है। वह शो में बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता के पति बने हैं। हालांकि, असल जिंदगी में तनुज महाशब्दे न तो साउथ इंडियन हैं और ना ही उनकी शादी हुई है। वह 45 साल के हैं और मध्य प्रदेश के देवास के रहने वाले हैं। तनुज महाशब्दे मराठी परिवार से हैं। शादी न होने की वजह के बारे में तनुज महाशब्दे ने कहा था कि इसकी वजह उन्हें पता नहीं है, पर वह असल जिंदगी के पोपटलाल हैं, जिनकी शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, उम्मीद जताई थी कि उन्हें जल्द ही अच्छा लाइफ पार्टनर मिल जाएगा। तनुज महाशब्दे ने एक बार एक इंटरव्यू में बताया था कि मिस्टर अय्यर के रोल के लिए उन्होंने कैसे तैयारी की थी। तनुज ने बताया था कि उन्होंने साउथ इंडियन स्टाइल में न सिर्फ लुंगी बांधना सीखा, बल्कि चेन्नई जाकर साउथ इंडियन लोगों के बीच कुछ समय तक रहे भी थे। उन्होंने उनकी तरह ही बोलना, उठना-बैठना और चलने का तरीका भी सीखा।

### नागिन की चमकी किस्मत


नई दिल्ली। हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते की भी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 जून को टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है। पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी जी टीवी का शो गंगा मां की बेटियां नंबर 1 पर बना हुआ है। इस शो की टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर जीटीवी का ही शो वसुधा है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर 2 पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। पिछले



हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तक: पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी नंबर तीन पर जीटीवी का सो तुम से तुम तक है। शो की इस हफ्ते की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। कलर्स के शो नागिन 7 की इस हफ्ते किस्मत चमकी है। ये शो पिछले हफ्ते नंबर 12 पर था और इस हफ्ते शो नंबर चार पर आ गया है। शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 5वें नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है।

## 'दीवाने हैं' गाने में अक्षय रवीना का वही पुराना जादू

मुंबई। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया और मजेदार गाना 'दीवाने हैं' रिलीज हो चुका है, जिसमें अक्षय कुमार और रवीना की जोड़ी को देखकर लोग पुरानी यादों में खो गए हैं। इस गाने को मुख्यमंत्री देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और आनंद राज आनंद ने गाया है। माना जा रहा है कि ये गाना दर्शकों दर्शकों के दिलों में बसी पुरानी यादों को फिर से तरोताजा कर देगा। कश्मीरी लोक गीत 'रक्षिदा रक्षिदा' के शानदार मेल से सजे इस जोशीले गाने में अक्षय कुमार के साथ रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जेकलीन फर्नांडिस की जोड़ी



दिख रही है। इस गाने में रवीना के साथ अक्षय कुमार की केमिस्ट्री सभी को गुदगुदा रही है। ये गाना हर तरह से लोगों को नोस्टैलजिक फील दे रहा है। लोगों ने कहा है- एक बार फिर इनके रोमांस के वो पुराने किस्से दिमाग में घूमने लगे। वहीं फिल्म में इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट शामिल है, जिसमें अक्षय और रवीना के अलावा जैकलीन, दिशा पाटनी, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला जैसे मंझे हुए कलाकारों ने फिल्म में खास भूमिका निभाई है। बताते चले कि फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में में हैं, जो अपने आइकॉनिक अंदाज में वापसी कर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला और स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बिहार का वो लोकगीत, जो सलमान के कॅरियर का बना बड़ा गाना, शारदा को मिली थी 56 रुपए फीस

नई दिल्ली। बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा ने लोकगीतों के साथ-साथ फिल्मों में भी कई यादगार और सदाबहार गीत दिए हैं। एक ऐसा ही गीत उन्होंने सलमान खान की फिल्म में भी दिया जो उनके करियर का कल्ट लव सॉन्ग बन गया।

*37 साल बाद भी बना हुआ है कल्ट :* खास बात यह है कि यह गाना सलमान खान की डेब्यू फिल्म मैंने प्यार किया के लिए बनाया गया था और दिलचस्प पहलू ये है कि शारदा सिन्हा ने भी इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपना संगीत डेब्यू किया था। भले ही यह गाना 37 साल पहले बना हो लेकिन यह आज भी बॉलीवुड के कल्ट लव सॉन्ग में से एक बना हुआ है। इस कल्ट लव सॉन्ग में भोजपुरी के लिरिक्स सीधा दिल को छूते हैं और शारदा सिन्हा की आवाज इसे सुरमय बनाती है। गाने के लिरिक्स फिल्म की कहानी पर एकदम फिट बैठते हैं और इसे फिल्म के हीरो हीरोइन सलमान खान और शारदा सिन्हा पर फिल्माए गए हैं। यह गाना है- कहे तोसे सजना ।



### रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी फिल्म ने

1989 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म मैंने प्यार किया को 1 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। डेब्यू फिल्म के लिए सलमान खान को 30,000 रुपएदिए गए थे। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी की शारदा सिन्हा को यह कल्ट गाना बनाने के लिए सिर्फ 56 रुपए की फीस मिली थी। हालांकि, शारदा सिन्हा कुछ ही फिल्मों में काम करने के बाद लोक गीतों की ओर रूख कर लिया था। उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर का मशहूर गाना तार बिजली से पतले हमारे पिया भी गाया था।

### रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां वीकेंड को बनाएंगी रोमांचक

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। 19 जून के दिन ओटीटी और थिएटर्स मे कई सारी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही है। अगर आप भी इस वीकेंड कुछ मजेदार देखने का प्लान बना रहे है, तो अपनी पॉपकॉर्न की बाल्टी तैयार रखिए। एक तरफ जहां बड़ी - बड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर दस्तक दे रहे है, वहीं दूसरी तरफ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बंद कमरों के रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां आपका वीकेंड रोमांचक बनाने के लिए तैयार हैं।*

### ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2

पहले सीजन में शानविका और कुलदीप अलग हो गए थे। कुलदीप को लगा कि शानविका ने उसे धोखा दिया। ऐसे में कुलदीप ने सिर्फ शानविका से ही नहीं, बल्कि उसके पति और उसके परिवार से भी बदला लिया। अब दूसरे सीजन में शानविका, कुलदीप को जवाब देगी। ओटीटी: जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांस, रिवेंज थ्रिलर, लीड एक्टर्स - संचिता बसु और धवल ठाकुर।

### वॉयसमेल्स फॉर इसाबेल

ये एक ऐसी इमोशनल कहानी है जिसमें बहन को खोने के गम को कम करने के लिए एक महिला अपनी बहन के पुराने नंबर पर वॉयस मैसेज छोड़ती है। लेकिन वह नंबर अब एक अजनबी को मिल चुका होता है, जो धीरे-धीरे उन मैसेजेस को सुनकर उस महिला की आवाज से प्यार करने लगता है। ओटीटी: नेटफ्लिक्स, जॉनर: रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्स जोई इयूच और निक रॉबिन्सन।



### हसबैंड्स इन एक्शन

जब एक महिला का अपहरण हो जाता है, तो उसे बचाने के लिए उसके एक्स पति को उसके पति से हाथ मिलाना पड़ता है। दोनों को अपनी आपसी कड़वाहट भूलकर एक साथ मिलकर एक अजीब और मजेदार रेस्क्यू मिशन पर निकलना पड़ता है। ओटीटी: नेटफ्लिक्स, जॉनर: एक्शन, कॉमेडी, लीड एक्टर्स: जिन सेओन-क्यू, गोंग म्युंग।

### सेव द टाइगर्स 3

शादीशुदा जिंदगी से परेशान रहने वाले तीन दोस्त- रवि, राहुल और विक्रम एक बार फिर वापस आ गए हैं। इस सीजन में उनकी रोज-रोज की घरेलू शिकायतों से परेशान होकर खुद भगवान इंद्र धरती पर आते हैं और उनका एक अनोखा टेस्ट लेते हैं, जिससे कहानी में कॉमेडी के साथ-साथ मजेदार फैंटेसी का तड़का लगता है। ओटीटी: जियोहॉटस्टार, जॉनर: कॉमेडी, ड्रामा, फैंटेसी,लीड एक्टर्स: प्रियदर्शी, चैतन्य कृष्णा, अभिनव गोमतम।

### हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं

शोले फिल्म के असरानी के मशहूर डायलॉग पर आधारित ये फिल्म एक डार्क मर्डर मिस्ट्री है। इसकी कहानी उत्तराखंड के पहाड़ों में सेट है, जहां एक पारिवारिक विवाद धीरे-धीरे खूनी खेल में बदल जाता है। जॉनर: क्राइम थ्रिलर / सस्पेंस, लीड एक्टर्स: असरानी, जरीना वहाब, मुश्ताक खान, मिलिंद गुनाजी।

### कॉकटेल 2

साल 2012 की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' के सीक्वल में आज के दौर के दोस्ती, उलझे हुए रिश्तों और दिल टूटने की कहानी को एक नए और स्टाइलिश अंदाज में पेश किया जाएगा। जॉनर: रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्स: शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन

### समर्पित

ये एक बहुत इमोशनल और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो एक पिता के अपने बच्चों के प्रति बिना किसी शर्त के प्यार, त्याग और उनके भविष्य को संवारने के लिए किए गए संघर्षों को बड़े पर्दे पर दिखाती है। जॉनर: इमोशनल ड्रामा, लीड एक्टर्स: अंकित यादव, जया भट्टाचार्य।

### टॉय स्टोरी 5

डिज्नी और पिक्सर की इस मशहूर फ्रेंचाइजी के पांचवें पार्ट में वुडी, बज लाइटइयर और उनके दोस्तों की टोली का सामना आज के जमाने के सबसे बड़े विलेन से होने वाला है। इस बार विलेन बच्चों की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आईपैड और मोबाइल स्क्रीन्स की लत हैं। जॉनर: एनिमेटेड / एडवेंचर।